atulyabhaskar9@gmail.com
प्रसार क्षेत्र - सागर, भोपाल, इंदौर, जबलपुर, ग्वालियर, उज्जैन, नरसिंहपुर, दमोह, छतरपुर, टीकमगढ़, पन्ना

**सुविचार**

"अगर आप अपने जीवन को बेहतर बनाना चाहते है तो लोगों के मन की नहीं अपने मन की सुनो..."

# दैनिक अतुल्य भास्कर



पेज - 2 पर

वर्ष - 5 / अंक - 84 | सागर, 11 नवम्बर 2021, गुरूवार | पृष्ठ - 8 / मूल्य - 2.00 ₹





सेवा और समाज कल्याण से क्षेत्र की तस्वीर बदलने वाले
युवाओं को कर्तव्य की प्रेरणा देने वाले हम सबके चहेते

## पं. अभिषेक भार्गव जी

के जन्मदिन पर
हार्दिक
शुभकामनाएं





पं. अभिषेक भार्गव
भाजपा युवा नेता

पं. अजय तिवारी
कुलाधिपति एसव्हीएन सागर

पं. अनिल तिवारी
संस्थापक एसव्हीएन ग्रुप

सौजन्यः स्वामी विवेकानंद विश्वविद्यालय सिरोंजा, सागर




Happy Birthday
TO YOU

हरदिल अजीज,
युवाओं के दिलों में
राज करने वाले
प्रिय भाई

पं. अभिषेक भार्गव जी
दीपू भैया को




पं. अभिषेक भार्गव
भाजपा युवा नेता

जन्मदिन की
हार्दिक
शुभकामनाएं

जे.के. जैन कान्ट्रेक्टर

मंगलकामनाओं सहित- जे.के. जैन कान्ट्रेक्टर,
इंजी. राकेश, मनीष, सपन, राविन जैन, सागर म.प्र.




Happy Birthday
TO YOU

जन-जन के चहेते
गोपाल के है बेटे
आज उनके अवतरण
दिवस पर

पं. अभिषेक भार्गव जी
दीपू भैया को

पं. अभिषेक भार्गव
भाजपा युवा नेता

जन्मदिन की
हार्दिक
शुभकामनाएं





सत्यम बड़कुल जैन
सपन जैन
श्री डमरूलाल जैन, कान्ट्रेक्टर

सौजन्यः डमरूलाल जैन, कान्ट्रेक्टर

**सुविचार**

"अगर आप अपने जीवन को बेहतर बनाना चाहते है तो लोगों के मन की नहीं अपने मन की सुनो..."

दैनिक
# अतुल्य भास्कर



पेज - 5 पर

वर्ष - 5 / अंक - 84 | सागर, 11 नवम्बर 2021, गुरूवार | पृष्ठ - 8 / मूल्य - 2.00 ₹

### कमला नेहरू अस्पताल हादसे पर शिवराज सरकार का बड़ा एक्शन

# जीएमसी डीन, हमीदिया और कमला नेहरू अस्पताल के अधीक्षक को हटाया

**अतुल्य भास्कर, भोपाल**

भोपाल के हमीदिया अस्पताल हादसे के बाद सरकार ने कार्रवाई की है। बुधवार को मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के साथ बैठक के बाद चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास सारंग ने बताया कि गांधी मेडिकल कॉलेज (जीएमसी) के डीन डॉक्टर जितेन्द्र शुक्ला, हमीदिया के अधीक्षक डॉ. लोकेन्द्र दवे, कमला नेहरू अस्पताल के अधीक्षक केके दुबे को पद से हटा दिया है। वहीं, कमला नेहरू अस्पताल का मेंटनेंस का काम देखने वाली एजेंसी सीपीए के विद्युत शाखा के डिप्टी इंजीनियर अवधेश भदौरिया को भी निलंबित कर दिया है। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू किया गया है। सारंग ने बताया कि मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया है कि मेडिकल विभाग का खुद का सिविल विंग होगा, जो मेडिकल कॉलेज और उससे संबंधित अस्पताल का



मेंटनेंस से जुड़े काम करेगा। अभी कमला नेहरू अस्पताल के मेटनेंस का काम सीपीए से लेकर लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) को सौंपा गया। सारंग ने कहा कि यह व्यवस्था अस्थाई तौर पर मेडिकल कॉलेज का सिविल विंग बनने तक रहेगी। सारंग ने कहा कि मुख्यमंत्री ने फायर और इलेक्ट्रिक सेफ्टी ऑडिट सरकारी और प्राइवेट दोनों अस्पताल में सुनिश्चितता के साथ लागू करने के निर्देश दिए हैं। इसके तहत अगले 10 दिन में हर जिले के कलेक्टर मेडिकल कॉलेज, सरकारी अस्पताल और निजी अस्पताल के सेफ्टी नॉमर्स की स्थिति का जायजा लेंगे। सुनिश्चित करेंगे कि हर तरह का सेफ्टी ऑडिट लागू हो। सारंग ने कहा कि मुख्यमंत्री के स्पष्ट निर्देश है कि ऐसी घटना दोबारा ना हो, इसे सुनिश्चित किया जाए। अभी अधिकतर मेडिकल कॉलेज, सरकारी और निजी अस्पताल में ऑक्सीजन की लाइन बिछाई गई है। इसको देखते हुए मुख्यमंत्री ने एक्सपर्ट की राय लेकर सुरक्षा के कौन कौन से मानक को लागू करना चाहिए सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।



### सख्त हुए सीएम शिवराज

हादसे के बाद मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान सख्त कार्रवाई के संकेत दे चुके थे। उन्होंने घटना के बाद कहा था कि भोपाल के कमला नेहरू अस्पताल में हुई हृदय विदारक घटना से मन और आत्मा व्यथित है। मुख्यमंत्री चौहान ने कहा जिन लोगों ने अपनी जान हथेली पर रखकर 36 बच्चों को सुरक्षित निकाला है उनका सम्मान किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने ये भी कहा कि यह बहुत गंभीर घटना है यह आपराधिक लापरवाही है.जांच के निर्देश दे दिए गए हैं जो भी दोषी होगा उस पर सख्त एक्शन लिया जाएगा।

### दीपक मरावी को हमीदिया के अधीक्षक तो डॉ. अरविंद राय बने नए डीन

हमीदिया अस्पताल में 13 बच्चों की मौत के बाद सरकार ने गांधी मेडिकल कॉलेज के डीन डॉक्टर जितेन्द्र शुक्ला और अधीक्षक डॉक्टर लोकेन्द्र दवे को तत्काल पद से हटा दिया है। जीएमसी का नया डीन सर्जरी विभाग के एचओडी डॉक्टर अरविंद राय को और हमीदिया अस्पताल का नया अधीक्षक डॉक्टर दीपक मरावी को बनाया गया है। इस संबंध में चिकित्सा शिक्षा विभाग ने आदेश जारी कर दिए हैं।

### अब तक 13 बच्चों की मौत

हमीदिया हादसे में बच्चों की मौत का आंकड़ा 13 तक पहुंच गया है। मंगलवार देर रात दो बच्चों की मौत हो गई थी। बुधवार को एक और बच्चे ने दम तोड़ दिया। हालांकि सरकार ने अब तक इस अग्निकांड में 5 मौतें ही मानी हैं। हमीदिया हादसे में बच्चे के लापता होने का मामला सामने आया है। यहां बागसेवनिया की रहने वाली सोनाली मसाने पति अरुण मसाने ने नवंबर को बेटे को जन्म दिया था। अस्पताल वाले कह रहे हैं कि बच्चे की मौत हो गई है। वहीं, परिजन का कहना है कि शव उनके बच्चे का नहीं है। अब माता-पिता और बच्चे के शव का डीएनए सैंपल लिया जा रहा है।

### कांग्रेस का दावा : 14 बच्चों की मौत हुई, सरकार आंकड़े छुपा रही है

भोपाल के कमला नेहरू अस्पताल स्थित हमीदिया अस्पताल के शिशु वार्ड में आग लगने की घटना में बच्चों की मौत के मामले में प्रदेश कांग्रेस ने दावा किया है कि 48 घंटे में 14 बच्चों की मौत हुई है। सरकार पर आंकड़े छुपा रही है। यह सामान्य दुर्घटना नहीं बल्कि बच्चों की हत्या का मामला है। इसके लिए दोषियों पर गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज हो। इसकी जांच से स्वास्थ्य और चिकित्सा शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव मोहम्मद सुलेमान को हटाया जाए क्योंकि घटना उनके ही विभाग से जुड़ी है। हाईकोर्ट के वर्तमान न्यायाधीश से



जांच कराई जाए। साथ ही कहा कि भोपाल और पूरे प्रदेश में इस घटना से शोक का माहौल है और यह संवेदनाओं से जुड़ा मामला है इसलिए 15 नवंबर को भोपाल में होने वाले जनजातीय महासम्मेलन को स्थगित किया जाए। नहीं तो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी यहां आकर इस घटना पर सरकार से सवाल करके जवाब जरूर दें। प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में बुधवार को प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष जीतू पटवारी, पूर्व चिकित्सा शिक्षा मंत्री डा.विजय लक्ष्मी साधौ, पीसी शर्मा और विधायक आरिफ मसूद ने संयुक्त पत्रकारवार्ता की। इसमें पटवारी ने कहा कि घटना के समय वार्ड में 40 बच्चे थे। इसमें से सरकार के मुताबिक चार बच्चों की मौत घटना में हुई। 36 में से पांच बच्चों को जयप्रकाश अस्पताल में स्थानांतरित किया गया।




## संक्षिप्त समाचार

### रीवा में इंस्पेक्टर 10 हजार की रिश्वत लेते गिरफ्तार

रीवा। लोकायुक्त की टीम ने दो भ्रष्टाचारी पुलिस अफसरों को पकड़ा है। दोनों एक केस में गंभीर धाराएं हटाने के नाम पर व्यक्ति से पैसे मांग रहे थे। पैसे न देने पर दबाव बना रहे थे। पीड़ित ने लोकायुक्त कार्यालय पहुंचकर शिकायत की। एसपी ने गोपनीय जांच कराई तो शिकायत सही पाई गई। 10 नवंबर को जैसे ही दोनों ने थाना परिसर में 13 हजार की रकम ली, वैसे ही लोकायुक्त की टीम ने उन्हें रंगे हाथ दबोच लिया। लोकायुक्त टीम ने भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई जारी रखी है। लोकायुक्त एसपी गोपाल सिंह धाकड़ ने बताया कि गोविंदगढ़ थाना प्रभारी एसएस बघेल व एएसआई देशराज सिंह की शिकायत आई थी। तब अश्विनी मिश्रा पुत्र रमाकांत निवासी अमिलकी का कहना था कि आर्म्स एक्ट के प्रकरण से नाम हटाने के एवज में 13 हजार की रकम मांगी जा रही थी।

### सोनीपत में दिल दहला देने वाली वारदात, भाई-बहन की गोली मारकर हत्या

सोनीपत। सोनीपत जिले के खरखौदा थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गांव हलालपुर में बुधवार दोपहर बाद अज्ञात हमलावरों ने निशा दहिया व उनके भाई की गोली मारकर हत्या कर दी। वहीं, निशा की मां को भी गोली मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। उन्हें इलाज के लिए पीजीआई, रोहतक में भर्ती करवाया गया है। खरखौदा पुलिस मामले की जांच कर रही है। हलालपुर निवासी 18 वर्षीय सूरज व उसकी बड़ी बहन निशा को अज्ञात हमलावरों ने गोली मार दी। इस दौरान बीचबचाव में आई उनकी मां को भी गोली लग गई है। बहन-भाई दोनों की मौत हो गई। जबकि मां की हालात गंभीर बनी हुई है। हमला क्यों और किसने किया, पुलिस इसकी जांच कर रही है। दोनों भाई बहन की हत्या के बाद ग्रामीणों में भारी रोष है। ग्रामीणों ने अकादमी में जमकर तोड़फोड़ भी की है। गुस्साए ग्रामीणों ने कुश्ती अकादमी में आग लगा दी।

## राजस्थान में बस-ट्रक की भिड़ंत 12 लोग जिंदा जले



### भिड़ंत के बाद बेहोश हो गई थी कई सवारियां

सवारियों को बचाने के लिए आग की लपटों से घिरी बस में घुसने वाले भांडियावास निवासी चेनाराम ने बताया कि कई लोग तो बेहोश पड़े थे। पहले तो आग की लपटें देखकर हम भी सहम गए, लेकिन किसी तरीके से बस के पिछले हिस्से में पहुंचे। हिम्मत कर बेहोश पड़ी सवारियों को खिड़की से बाहर फेंका।

**बाड़मेर ■ एजेंसी**

बाड़मेर-जोधपुर सडक़ मार्ग पर पचपदरा थाना क्षेत्र के भांडियावास के पास बुधवार सुबह अचानक बस-ट्रेलर की आमने-सामने भीषण भिड़ंत हो गई। हादसें के बाद अचानक बस में आग लग गई। आग लगने से बस व ट्रेलर में सवार बारह जनों की जिंदा जलने से मौत हो गई। जबकि बस में सवार करीब 24 जने गंभीर घायल हो गए। सूचना मिलने पर पचपदरा थाना पुलिस मौके पर पहुंची। बाड़मेर पुलिस के अनुसार पचपदरा थाना क्षेत्र के भांडियावास के पास बस व ट्रेलर की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। हादसें में आग के बाद बस में सवार ग्यारह जनों की जिंदा जलने से मौत हो गई। साथ ही ट्रेलर चालक की जिंदा जलने से मौत हो गई। मृतकों की शिनाख्त नहीं हो पाई है। पुलिस ने करीब चार घण्टों की मशक्कत से शव बाहर निकाल कर एम्बुलेंस के जरिए सभी जोधपुर अस्पताल भेज दिए है। जहां फौरेसिंग जांच के बाद मृतकों की शिनाख्त हो पाएगी। पुलिस ने निजी वाहनों की मदद से सभी घायलों को राजकीय अस्पताल नाहटा पहुंचाया। जहां उपचार के बाद जोधपुर रैफर किया।

घटना के बाद मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने सोशल मीडिया के जरिए कहा कि बाड़मेर में हुई बस-ट्रक दुर्घटना के संबंध में जिला कलेक्टर बाड़मेर से फोन पर वार्ता कर राहत-बचाव कार्यों के संबंध में निर्देशित किया है। उन्होंने कहा कि घायलों का बेहतर से बेहतर इलाज सुनिश्चित किया जाएगा।







### सांसद प्रज्ञा ठाकुर के फिर विवादित बोल, कहा

# सुबह की अजान से संतों की साधना होती है भंग

**अतुल्य भास्कर, भोपाल**

*अपने बयानों से अक्सर चर्चा में रहने वालीं भोपाल की सांसद साध्वी प्रज्ञा ठाकुर ने अब सुबह-सुबह जोर-जोर की आवाजों (अजान) पर आपत्ति जताई है। उनका कहना है कि सुबह बहुत जोर-जोर से आवाजें आती हैं। बीमारों का भी इससे तकलीफ होती है। साधु संन्यासियों की साधना का भी यही वक्त होता है। उन्हें भी परेशानी होती है। इससे बवाल मच गया है। उनका वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। रामादलम के बैनर तले मंदिर निर्माण के दो वर्ष पूर्ण होने पर बैरसिया में विजय उत्सव मनाया गया। इस मौके पर शोभायात्रा निकाली गई। कार्यक्रम में साध्वी प्रज्ञा ठाकुर भी पहुंचीं थीं। अपने संबोधन में प्रज्ञा ठाकुर ने कहा कि*



*सुबह पांच बजकर कुछ मिनट पर बहुत जोर-जोर से आवाजें आती हैं। वो आवाजें लगातार आती हैं। सबकी नींद हराम होती है। कुछ बीमार होते हैं, उनको भी तकलीफ होती है। साध्वी प्रज्ञा यहीं नहीं रुकीं। साधु सन्यासियों की साधना का भी यही वक्त होता है और उनकी साधना में भी इससे परेशानी होती है। मालूम हो कि, प्रज्ञा भोपाल में भाजपा से सांसद हैं और वह हिंदूवादी विचारधारा से ताल्लुक रखती हैं। वह गांधीजी के हत्यारे नाथूराम गोडसे को कई दफा डिफेंड कर चुकी हैं। इसलिए, उनका खासा विरोध भी हुआ था। वह मुस्लिम-नेताओं पर भी तीखी-टिप्पणी कर चुकी हैं। अब प्रज्ञा का कहना है कि, मस्जिदों में अजान साधु-संतों का ध्यान भंग करती है। उन्होंने कहा कि, इस्लाम में दूसरे मजहब की आवाज सुनने को जायज नहीं माने जाने की बातें की जानी लगती हैं। मगर इन्हें अपने पर भी ध्यान देना चाहिए। अजान के शोर से न केवल साधु-संतों का ध्यान भंग होता है बल्कि मरीजों को भी परेशानी होती है।*

### मसूद बोले- कभी गैस पीड़ितों की आवाज क्यों नहीं उठाई

*साध्वी प्रज्ञा ठाकुर के इस बयान के बाद भोपाल के कांग्रेस विधायक आरिफ मसूद ने उन पर निशाना साधा। मसूद ने कहा कि भोपाल की सांसद को %अजान% से तकलीफ हो रही है। कभी उन्होंने गैस पीड़ितों की आवाज क्यों नहीं उठाई? एम्स में गड़बड़ी के बारे में वे सिर्फ बातें करती रहीं, लेकिन कोई आवाज नहीं उठाई। वे इसलिए ऐसे बयान देती हैं क्योंकि वे भोपाल का विकास नहीं कर पाईं। कोरोना के समय वे गायब रहीं। हर तरफ असफल हो गईं, इसलिए चर्चा में बने रहने के लिए वे ऐसे बयान दे रही हैं।*

### सोनू निगम के बयान पर मचा था बवाल

*इससे पूर्व सोनू निगम ने अजान की आवाज को लेकर आपत्ति जताई थी। उन्होंने कहा था कि लाउडस्पीकर की आवाज से उन्हें सुबह-सुबह काफी परेशानी होती है। इसके बाद इस बयान पर काफी बवाल भी हुआ था।*



# भारत की चुनौती ; चीन का शत्रुतापूर्ण रवैया

- प्रशांत दीक्षित

पेंटागन की रिपोर्ट चौंकाने वाली है, जिसके मुताबिक भारत और चीन के बीच तनाव कम करने के लिए कोर कमांडरों की लगातार वार्ताओं के बावजूद बीजिंग ने वास्तविक नियंत्रण रेखा पर अपने दावे के अनुरूप दबाव बनाने के लिए वर्चस्ववादी और सामरिक कदम उठाना जारी रखा है। इससे परेशानी ही बढ़ेगी।

भले ही चीनी पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) का महत्वाकांक्षी सैन्य आधुनिकीकरण कार्यक्रम 1970 के दशक के अंत में शुरू हुआ था, लेकिन अब यह एक ऐसी स्थिति में पहुंच चुका है कि विश्व समुदाय और भारत को इस पर ध्यान देना चाहिए। इस घटनाक्रम को बारीकी से देखने की जरूरत है। सैन्य आधुनिकीकरण तथा युद्ध में प्रभावशीलता बढ़ाने के लिए सैन्य संगठन, सिद्धांत, शिक्षण, प्रशिक्षण और कार्मिक नीतियों में सुधार की आवश्यकता थी। इस दिशा में चीन ने जो सुधार किए, उनमें केंद्रीय सैन्य आयोग के गठन और अन्य वैचारिक परिवर्तनों के साथ 1984 में नए सैन्य सेवा कानून का अधिनियमन शामिल था। इसने चीनी पीएलए को पहले जैसी सांस्कृतिक सेना के मुकाबले एक सैन्य चेहरा प्रदान किया।

यह सैन्य सुधार रक्षा अनुसंधान एवं विकास के पुनर्गठन और सैन्य व असैन्य विज्ञान तथा उद्योग को एकीकृत करने के लिए औद्योगिक आधार पर केंद्रित था। हथियारों के उन्नयन के लिए चुनिंदा विदेशी तकनीक का इस्तेमाल किया गया। रक्षा उद्योग सुधारों के फलस्वरूप अंतरराष्ट्रीय हथियार बाजार में चीन का प्रवेश भी हुआ। हाल ही में अमेरिकी रक्षा मंत्री की अमेरिकी कांग्रेस को सौंपी गई एक ताजा रिपोर्ट में चीनी सेना के सैन्य-तकनीकी विकास के वर्तमान और संभावित भविष्य के कार्यक्रम और इसकी सुरक्षा व सैन्य रणनीति के सिद्धांतों और संभावित विकास के बारे में विस्तार से वर्णन किया गया है। यह खतरनाक बदलाव को दर्शाता है। चीन के पास दुनिया की सबसे बड़ी नौसेना है, जिनमें लगभग 350 जहाजों और पनडुब्बियों की कुल युद्ध शक्ति है, जिसमें 130 से अधिक सतह पर वार करने वाले लड़ाकू विमान भी शामिल हैं। इसकी तुलना में, अमेरिकी नौसेना के युद्ध बल में 2020 की शुरुआत में लगभग 293 जहाज थे। भूमि आधारित पारंपरिक बैलिस्टिक और क्रूज मिसाइलों में, चीन के पास 1,250 से अधिक ग्राउंड-लॉन्च बैलिस्टिक मिसाइल और ग्राउंड-लॉन्च क्रूज मिसाइल हैं, जो 500 से 5,500 किलोमीटर तक वार कर सकते हैं। अमेरिका के पास फिलहाल एक तरह का पारंपरिक ग्राउंड-लॉन्च बैलिस्टिक मिसाइल है, जो 70 से 300 किलोमीटर तक वार कर सकती है और उसके पास कोई ग्राउंड-लॉन्च क्रूज मिसाइल नहीं है। एकीकृत वायु रक्षा प्रणालियों के दायरे में चीन सतह से हवा में मार करने वाली लंबी दूरी की उन्नत प्रणालियों वाली दुनिया की सबसे बड़ी ताकतों में से एक है, जिनमें रूस निर्मित एस-400, एस-300 और घरेलू स्तर पर तैयार सिस्टम शामिल हैं, जो इसकी मजबूत और एकीकृत वायु रक्षा प्रणाली का हिस्सा हैं।

हालांकि चीनी परमाणु बलों के विकास का गहन अंतर्दृष्टि के साथ मूल्यांकन करने की आवश्यकता है। अमेरिकी परमाणु हथियारों के साथ बराबरी या उससे ज्यादा हथियार रखने की कोशिश के बजाय चीन यह सुनिश्चित करना चाहता है कि अमेरिकी हमलों के मद्देनजर उसके पास एक सुनिश्चित जवाबी क्षमता हो। चीन स्वतंत्र रूप से लक्षित कई रीएंट्री वाहन हथियारों की बड़ी संख्या को अपने बेड़े में





शामिल कर रहा है। समुद्र, जमीन और वायु से परमाणु हमला करने की क्षमता से उसके परमाणु हथियारों में और बढ़ोतरी होगी, क्योंकि ये नई प्रणालियां सुसज्जित हैं। पीएलए की वायुसेना एक नई वायु-प्रक्षेपित बैलिस्टिक मिसाइल विकसित करके परमाणु मिशन को भी अपना रही है, जो परमाणु सक्षम होने के साथ ही परमाणु-सक्षम एच-20 रणनीतिक बमवर्षक भी हो सकती है। इतनी तेजी से सैन्य विकास के बीच हो सकता है कि चीन ने परमाणु हथियारों में भी निवेश किया हो, जिससे उसके पड़ोसियों को तात्कालिक खतरा है। जैसा कि हम जानते हैं कि पूर्वी लद्दाख में मोर्चे पर तैनात हमारे सैनिकों को लक्ष्य करके चीन ने बैलेस्टिक मिसाइल तैनात कर रखे हैं। चीन द्वारा अभी हासिल की गई सैन्य क्षमता के अलावा उसके द्वारा हाल ही में तैनात की गई मध्य और मध्यवर्ती रेंज की बैलेस्टिक मिसाइलें भी उसकी मंशा के बारे में बताती हैं।

कुल मिलाकर, हालिया रणनीतिक परिदृश्य चीन के वर्चस्ववादी रवैये के ही बारे में बताता है, जिसके तहत वह भारत की सीमा और ताइवान में अपनी सैन्य उपस्थिति जताने के अलावा दक्षिण चीन सागर में भी आक्रामकता का परिचय दे रहा है। वह दक्षिण चीन सागर के एक बड़े हिस्से पर अपनी ऐतिहासिक हिस्सेदारी का दावा करता आया है, हालांकि हेग स्थित अंतरराष्ट्रीय न्यायालय उसके दावे को खारिज कर चुका है। लेकिन बीजिंग इस कानूनी फैसले को स्वीकारने के लिए भी तैयार नहीं है। आक्रामक रवैये से चीन ने ब्रुनेई, ताइवान, वियतनाम, मलयेशिया और फिलीपींस के साथ अपने संबंधों को और भी जटिल तथा तनावपूर्ण बना दिया है। विगत चार नवंबर की एक मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, अमेरिकी रक्षा विभाग पेंटागन ने सूचित किया है कि भारत और चीन के बीच तनाव कम करने के लिए कोर कमांडरों की लगातार वार्ताओं के बावजूद बीजिंग ने वास्तविक नियंत्रण रेखा पर अपने दावे के अनुरूप दबाव बनाने के लिए वर्चस्ववादी और सामरिक कदम उठाना जारी रखा है। यही नहीं, भारत को अमेरिका के साथ मजबूत रिश्ता बनाने से रोकने के लिए भी वह प्रयत्नशील है, जिसमें वह विफल हुआ है। पेंटागन का साफ कहना है कि चीन का खासकर भारत के प्रति रिश्ता बेहद आक्रामक और दबाव बनाने वाला है। इसी के तहत उसने सीमा पर तनाव को देखते हुए तिब्बत और शिंजियांग सैन्य जिलों से सैनिकों को लाकर पश्चिमी चीन में तैनात कर रखा है। पेंटागन का यह भी कहना है कि चीन ने पिछले साल चीनी तिब्बत स्वायत्त क्षेत्र और भारत के अरुणाचल प्रदेश के बीच के विवादग्रस्त क्षेत्र में सौ घरों का एक गांव बसाया है।

अमेरिका के इस खुलासे में सच्चाई है। कई बैठकों के बावजूद चीन ने डेपसांग घाटी और सामरिक रूप से महत्वपूर्ण कई इलाकों से अपने सैनिक हटाने से मना किया है। उससे भी बदतर यह कि हाल ही में एक कानून बनाकर उसने सीमा के गांवों को भारतीय सैनिकों के खिलाफ एकतरफा कदम उठाने को अधिकृत कर दिया है। दोतरफा वार्ताओं के बीच चीन के इस रवैये से परेशानी ही बढ़ेगी। भारत-अमेरिका रिश्तों को पटरी से उतारने की चीनी कोशिश अर्थहीन है, क्योंकि इन दो लोकतंत्रों के बीच मजबूत संबंध दशकों की आपसी समझ-बूझ से बने हैं।

**– साभार: यह लेखक के अपने विचार हैं**

## सुविचार

"किसी भी व्यक्ति को ये नहीं सोचना चाहिये की वो अपनी जिंदगी में कितना खुश हैं बल्कि ये सोचना चाहिए की उसकी वजह से कितने लोग खुश हैं"

– अज्ञात

# लखीमपुर मामले में कसता शिकंजा

किसानों को गाड़ी से कुचलने के बहुचर्चित और विवादित लखीमपुर खीरी हिंसाकांड का पूरा सच शायद बहुत जल्द सामने आने वाला है। उम्मीद इसलिये भी प्रबल हैं क्योंकि सुप्रीम कोर्ट सीधे इस मामले पर नजर रखे हुए है।दो दिन पहले ही कोर्ट ने उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा दायर एक स्थिति रिपोर्ट पर निराशा व्यक्त की है। अदालत को लगता है कि जांच उस तरह से नहीं चल रही है, जैसी उसे खुद उम्मीद थी। इसमें कोई शक नहीं कि इस मामले में पुलिस को पूरी सतर्कता और तेजी के साथ कार्रवाई करनी पड़ेगी।क्योंकि अदालत की जो अपेक्षा है, उस पर खरा उतरने के लिए जांच से जुड़े अधिकारियों को पूरी मुस्तैदी के साथ कार्रवाई करते हुए अदालत को आश्वस्त करना पड़ेगा। आला अधिकारियों को इसलिये भी सावधान रहना होगा, क्योंकि अदालत गवाहों की सूची और पूछताछ से संतुष्ट नहीं है। इतना ही नहीं, शीर्ष अदालत ने साफ कर दिया है कि वह जांच की निगरानी के लिए उत्तर प्रदेश से बाहर के एक उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश को नियुक्त करेगी। अब मामले की अगली सुनवाई दो दिन बाद यानि शुक्रवार को होगी, जिसमें पुलिस को बेहतर जवाबों के साथ सामने आना होगा।दरअसल अदालत ने कहा है कि साक्ष्यों के साथ घालमेल न हो, इसलिए जांच की निगरानी के लिए वह पूर्व न्यायाधीश को नियुक्त करने को इच्छुक है। अदालत ने दो न्यायाधीशों के नाम भी सुझाए हैं। बहरहाल, अब सरकार की ओर से साफ हो गया है कि पत्रकार रमन कश्यप को किसानों ने नहीं मारा था, बल्कि घटना में शामिल वाहन द्वारा कुचले जाने से उनकी मौत हुई थी। पहले हमलावर किसानों पर यह आरोप था कि उन्होंने पत्रकार को मारा है। यूं तो लोकतंत्र में प्रदर्शन का लोगों को अधिकार है, लेकिन किसी तेज वाहन से ऐसे प्रदर्शन को निशाना बनाने को मंजूरी हम किसी भी पैमाने पर नहीं दे सकते। प्रदर्शनकारी किसानों पर गाड़ी चढ़ाने के लिए जो लोग जिम्मेदार हैं, उन्हें जल्द सजा मिलनी चाहिए। यह काम पुलिस जितनी मुस्तैदी से करेगी, उतना ही अच्छा होगा। हर रसूखदार को जनमानस के साथ ही कानून-कायदे का भी पूरा ध्यान रहना चाहिए। अब भी कानून को सही अर्थों में लागू करके ही इस पूरे मामले का पटाक्षेप किया जा सकता है।जहा तक किसानों के आक्रोश का मामला है तो इसे समझने की जरूरत है। कोई भी ऐसी कार्रवाई या लीपापोती नहीं होनी चाहिए, जिससे किसानों को भड़कने का नया मौका मिले। बीते करीब एक साल में देश ने किसान आंदोलन के कई स्याह रूप देख लिए हैं। वहीं किसानों को भी कानून-व्यवस्था के साथ व्यापक समाज के हित में सोचना चाहिए। उनका आंदोलन अपनी जगह है, लेकिन देश के माहौल को खराब करने के लिए कोई गलती नहीं होनी चाहिये। वैसे तो अच्छी बात है कि पुलिस ने केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्रा के बेटे आशीष मिश्रा समेत कुछ अन्य आरोपियों को गिरफ्तार कर रखा है। यह अपने आप में बड़ी कार्रवाई है, लेकिन इस कार्रवाई को करने में भी पुलिस को कितने मोडों का सामना करना पड़ा होगा और कैसे मंत्रीपुत्र को गिरफ्तार किया गया होगा,यह भी किसी रोमांचक कहानी से कम नहीं होगा। अब यदि असली दोषियों की पहचान और दंड का रास्ता खुलेगा तो निश्चित रूप से किसानों के जख्मों पर मरहम भी लगेगा हमारी व्यवस्था की मजबूती ही प्रकट होगी।

## निशाना

### डट गए हैं वीर !



– कृष्णेन्द्र राय

पोल खोल है शुरू हुआ ।
डट गए हैं वीर ।।
अपने-अपने तरकश से ।
छोड़ रहे हैं तीर ।।
शुरू हुआ जो खेल है ।
जनता रही निहार ।।
समय वह भी आएगा ।
देगी जब वो प्यार ।।
भांडाफोड़ दौर है ।
कर लेना स्वीकार ।।
स्वीकारोक्ति हुई अगर ।
होगा फिर उपकार ।।
नए-नए मामले ।
अब उजागर रोज़ ।।
काम पड़ा है ठप्प ।
हो रही बस खोज ।।

## आज का इतिहास

- 1202 चौथे धर्मयुद्ध की पहली बड़ी कार्रवाई और कैथोलिक अपराधियों द्वारा कैथोलिक शहर के खिलाफ पहला हमला, जारा, क्रोएशिया में घेराबंदी, शुरू हुआ।
- 1483 ईसाई धर्म में एक नई धारा की शुरुआत करने वाले मार्टिन लूथर का जन्म हुआ।
- 1766 न्यू जर्सी के अंतिम रॉयल गवर्नर विलियम फ्रैंकलिन ने क्वीन्स कॉलेज की स्थापना के लिए चार्टर पर हस्ताक्षर किए, जिसे अब रटगर्स विश्वविद्यालय के रूप में जाना जाता है।
- 1775 अमेरिकी क्रांतिकारी युद्ध के दौरान दूसरे महाद्वीपीय कांग्रेस के एक संकल्प द्वारा संयुक्त राज्य मरीन कॉर्प्स को कॉन्टिनेंटल मरीन के रूप में स्थापित किया गया था।
- 1793 फ्रांस में बलपूर्वक ईश्वर की पूजा कराने का नियम समाप्त किया गया।
- 1793 फ्रांस ने बलपूर्वक ईश्वर की पूजा समाप्त कर दी।
- 1871 पत्रकार और खोजकर्ता हेनरी मोर्टन स्टेनली उज्जी में लापता मिशनरी और खोजकर्ता डेविड लिविंगस्टोन, तंजानियाकेन झील के पास वर्तमान में स्थित है।
- 1885 गोटलिएब देमलेर ने दुनिया की पहली मोटरसाइकिल पेश की।
- 1891 बोस्टन में पहली महिलाओं की ईसाई टेम्परेन्स संघ की बैठक आयोजित की गयी।
- 1894 फ्रेड लुगार्ड राजा लाफिया निकी के ऑब्सलामु के साथ अनुबंध पर हस्ताक्षर किया।
- 1909 अमेरिकी संगीतकार और गीतकार जॉनी मार्क्स का जन्म हुआ।
- 1919 अमेरिकन लीजन के पहले राष्ट्रीय सम्मेलन को मिनेयापोलिस शहर में आयोजित किया गया।
- 1940 बुखारेस्ट, रोमानिया में आए 7.7 तीव्रता के भूकंप में करीब 1000 से अधिक लोग मारे गए।

# अध्यात्म या विज्ञान : कैसे सामने आएगा जीवन की उत्पत्ति का रहस्य ?

- संकल्प सिंह

जीवन और जगत को लेकर विभिन्न प्रकार की मिथ्याएं और धारणाएं हमारे समक्ष खड़ीं हैं। अध्यात्म इसे चेतना और परमात्मा के नजरिये से देखता है। वहीं दूसरी ओर विज्ञान के मुताबिक कुछ केमिकल्स रिएक्शन के चलते जीवन घटित होता है और उसका हमें अनुभव होता है। जीवन के रहस्य को जानने के लिए क्या विज्ञान का रास्ता सही है या अध्यात्म का ? आइए जानते हैं -




आखिर इस जगत में जीवन की शुरुआत कैसे हुई? ऐसे कौन से घटक थे जिन्होंने जीवन को जन्म दिया? जीवन का प्रयोजन क्या है? जीवन है क्या? इन सवालों का हमारे पास अभी तक कोई ठोस उत्तर नहीं है। क्योंकि जीवन को लेकर विभिन्न प्रकार की मिथ्याएं और धारणाएं हमारे समक्ष खड़ीं हैं। अध्यात्म इसे चेतना और परमात्मा के नजरिए से देखता है। वहीं दूसरी ओर विज्ञान के मुताबिक कुछ केमिकल्स रिएक्शन के चलते जीवन घटित होता है और उसका हमें अनुभव होता है। नेट जियो के एक प्रसिद्ध टेलीविज़न शो % कॉसमॉस ए स्पेस टाइम ओडेसी % में नील डिग्रेस टाइसन बताते हैं कि आज से लगभग 4 अरब साल पहले पृथ्वी के वातावरण में ऑक्सीजन नहीं था। वातावरण में ऑक्सीजन बनाने का काम सबसे पहले हरे पौधों ने शुरू किया। ये प्रकाश संश्लेषण के दौरान वातावरण से कार्बन डाईऑक्साइड ले कर ऑक्सीजन छोड़ने लगे। इससे पृथ्वी पर ऑक्सीजन की मात्रा बढ़ने लगी और जीवन के नए आयाम विकसित होने लगे। पृथ्वी पर सबसे पहले विकसित होने वाला हरा पौध सायनोबैक्टीरिया था। ये पहला ऐसा जीव था जो कि ऑक्सीजन में सांस नहीं ले सकता था, अपितु अनॉक्सी श्वसन से काम चलाता था। विज्ञान की शाखा में एक बहुत बड़े वैज्ञानिक हुए चार्ल्स डार्विन। उन्होंने 1871 में यह अनुमान लगाया कि जीवन की शुरुवात संभवत-गुनगुने पानी से भरे एक ऐसे उथले पोखर में हुई होगी, जिसमें सब प्रकार के अमोनिया और फॉस्फोरिक लवण होंगे। इन पर प्रकाश, ऊष्मा और विद्युत की क्रियाएं होती रही होंगी। इसके चलते एक ऐसे परिवेश की निर्मिति हुई, जिसमें जीवन घटित हो सका।हीगल ने भी जीवन को लेकर जो कुछ भी कहा वह आज के वैज्ञानिक सत्य से काफी मेल खाता है। उसके मुताबिक जीवन पदार्थ से जन्मा है। पदार्थ का लक्ष्य परम चेतना को हासिल करना है इसलिए उसने ब्रह्मांड की रचना की, उसमे पृथ्वी को जन्म दिया और पृथ्वी पर जीवन को। पर जीवन की उत्तपत्ति से उसका धेय्य पूरा नहीं हो गया।



सर्वप्रथम जीवन की क्रांति जो पृथ्वी पर घटित हुई, उसने पदार्थ को चैतन्य चित्त का दर्शन करवाया। यह एक विराट प्रयोजन का हिस्सा था। धीरे-धीरे जीव जंतुओं के माध्यम से चेतना की भी क्रमागत उन्नति होने लगी। आज चेतना मनुष्य के स्तर पर पहुंच गई है। मनुष्य बाकी जीव जंतुओं की अपेक्षा अधिक चैतन्य है। हीगल के अनुसार यह कड़ी और आगे तक चलती जाएगी, जब तक पदार्थ परमचेतना के शिखर को नहीं छू लेता। वहीं दूसरी ओर जीवन और चेतना को देखने का भारतीय दृष्टिकोण सनातनी है अर्थात् सृष्टि और जीवन की न कोई शुरुआत है और न ही इसका कभी अंत होगा। यह दोनों एक चक्र की भांति घूमते हैं। इनमें केवल बदलाव घटित होता है। जन्मता-अजन्मता कुछ नहीं। पदार्थ तो बस उस परमात्मा की अभिव्यक्ति है। वह उसी के भीतर है। उसे जानना है तो जरूरत है बस एक प्रहार की। वह फौरन प्रकट हो जाएगा। इसके लिए अध्यात्म दर्शन में सैकड़ों मार्ग बताए गए हैं, जिसके माध्यम से जीवन के रहस्य को जाना जा सकता है। जीवन और जगत् को लेकर अध्यात्म का दर्शन कितना सही है? और कितना गलत? इसको जानने के लिए इंसान का संशयवादी होना जरूरी है। पूरा का पूरा आध्यात्मिक साहित्य अलंकृत शब्दों और उपमाओं से भरा पड़ा है। अब तक केवल गिनती के कुछ लोग ही हुए हैं जिन्होंने यह दावा किया है कि वह कैवल्य के शिखर पर पहुचे हैं। सृष्टि और जगत के विषय में जो कुछ भी इन बुद्ध पुरुषों ने कहा है। कई मर्तबा उनकी बातें ही आपस में नहीं मिलती। बुद्ध जीवन को लेकर एक अलग व्याख्या करते हैं तो महावीर कुछ ओर।

हाल ही में कुछ दिनों पहले सदगुरू का एक इंटरव्यू देख रहा था। उसमें वह कहते हैं कि विज्ञान कभी जीवन और जगत के सत्य को परिभाषित नहीं कर सकता है। तभी इंटरव्यू लेने वाला व्यक्ति पूछ पड़ता है कि आप कैसे कह सकते हैं कि विज्ञान कभी जीवन के सत्य को नहीं जान सकता है? हर एक व्यवस्था को चलाने के लिए उपक्रम होता है। विज्ञान बस उन उपक्रमों की तलाश करता है जो संबंधित व्यवस्था को चलाते हैं। जीवन और जगत की व्यवस्था को चलाने वाला भी कोई न कोई उपक्रम तो जरूर होगा। हां आज की वैज्ञानिक तकनीक और संसाधनों से भले ही हम उस व्यवस्था के विषय में जान नहीं पा रहे हैं, हो सकता है कल को जान लें। इटरव्यूअर का यह सवाल वाकई सराहनीय था। सत्य को केवल विज्ञान की कसौटी पर ही कसा जा सकता है। विज्ञान प्रयोग और परिणाम के रास्ते पर चलता है। प्रयोग से निकले हुए परिणाम हमें दृष्टि देते हैं आगे के रास्ते को देखने के लिए, वहीं आस्था दृष्टि पर पट्टी बांधती है। ऐसे में यह प्राकृतिक और वैज्ञानिक सत्य है कि जीवन और जगत की मिथ्या को संशय से ही सुलझाया जा सकता है। किसी आस्था और दर्शन से नहीं।

**साभार :** यह लेखक के अपने विचार हैं

## संक्षिप्त समाचार

### एक लाख छः हजार मूल्य की अवैध शराब जप्त

**होशंगाबाद।** कलेक्टर नीरज कुमार सिंह के निर्देश पर जिला आबकारी अधिकारी अरविंद सागर के मार्गदर्शन में जिले में 10 नवम्बर को होशंगाबाद शहर में आबकारी के संयुक्त दल द्वारा प्रभावी कार्यवाही की गई। बुधवार को होशंगाबाद शहर के सिकलीकर ,कोरी घाट एवं इंदिरा चौक क्षेत्र में सघन तलाशी अभियान चलाया गया। कार्यवाही में 1200 किलोग्राम महुआ, 80 कच्ची शराब , एक पेटी देसी शराब ,1 पेटी बियर जब्त कर मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 34.1 (क) के तहत पांच प्रकरण पंजीबद्ध किए गए।एक प्रकरण में आरोपी की तलाश जारी है। जप्त की गई सामग्री की अनुमानित कीमत 1,06,400 एक लाख छःहजार चार सौ रुपए है। उक्त कार्यवाही में आबकारी उपनिरीक्षक सुयश फौजदार, वासुदेवाचार्य त्रिपाठी, हेमंत चौकसे, मुख्यआरक्षक रामदत्त शर्मा, रघुवीर प्रसाद निमोदा, आबकारी आरक्षक धर्मेंद्र , विकास लोखंडे एवं नगर सैनिकों का सराहनीय योगदान रहा। आगे भी आबकारी विभाग की अवैध मदिरा के विरुद्ध कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी।

### जीवन के अंतिम समय तक रहा अखबारों से अनिल को प्रेम

**बीना, खिमलासा।** बुधवार अलसुबह ग्राम के सबसे पुराने अखबार प्रतिनिधि अनिल चौरसिया का ग्वालियर में इलाज के दौरान निधन हो गया। उनकी उम्र करीब 40 वर्ष की थी। सहज ,सरल,हसमुख स्वभाव के धनी अनिल चौरसिया आजीवन अखवारों के लिये समर्पित रहे। बेहद सीधे स्वभाव के अनिल को अखवारों से विशेष प्रेम रहा। बचपन से ही वह अखवार जगत से जुड़ गये थे। ग्राम में जितने भी अखवार आते थे उनके वितरण करने की बखूबी जिम्मेदारी निभाने बाले अनिल तंगहाली से जूझते रहे मगर उनके अखवारों के प्रति प्रेम कभी कम नही हुआ। पिछले कुछ दिनों से अनिल अस्वाथ्य चल रहे थे। उनकी मौत की खबर आते ही स्थानीय अखबार जगत एवं ग्राम के लोगो में मायूसी छा गयी। श्मशान घाट पर उनका अंतिम संस्कार किया गया। इस मौके पर अखबार जगत के सभी प्रतिनिधि एवं ग्राम के लोग मौजूद रहे। प्रेस क्लब के सदस्यों ने एक शोक सभा का आयोजन किया। इस शोक सभा में दिवगंतआत्मा की शांति के लिये दो मिनट का मौन रखा गया।

# राहतगढ़ वाटरफॉल के सुंदरीकरण के साथ रोजगार भी सृजित किए जाएंगे: डीएम

## राहतगढ़ वाटरफॉल के सुंदरीकरण का कार्य एक सप्ताह के भीतर प्रारंभ करें

**अतुल्य भास्कर, सागर**



राहतगढ़ वाटरफॉल का सौंदर्यीकरण का कार्य 1 सप्ताह के भीतर प्रारंभ करें साथ ही समस्त निर्माण कार्य गुणवत्ता पूर्ण एवं समय सीमा में संपन्न करें।उक्त निर्देश कलेक्टर दीपक आर्य ने बुधवार को राहतगढ़ वाटरफॉल की भ्रमण के दौरान संबंधित अधिकारियों को दिये।

भ्रमण के दौरानः कलेक्टर दीपक आर्य ने बताया कि राहतगढ़ वाटरफॉल का सुंदरीकरण पर्यटन विभाग, वन विभाग एव पंचायत विभाग के आपसी समन्वय से होगा। उन्होंने बताया कि यहां ढाई करोड़ रुपए से भी अधिक की राशि से पर्यटन को दृष्टिगत रखते हुए विभिन्न विकास कार्य किए जाएंगे।

कलेक्टर दीपक आर्य ने राहतगढ़ वाटरफॉल का सुंदरीकरण कार्य 1 सप्ताह के अंदर प्रारंभ करने के निर्देश देते हुए कहा कि सुंदरीकरण इस प्रकार से किया जाएगा कि, इसका नाम बुंदेलखंड के साथ-साथ संपूर्ण प्रदेश में स्थापित हो।

इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी क्षितिज सिंघल ,श्री पवन धाकड़, अनुविभागीय अधिकारी रमेश पांडे, भोपाल की आर्किटेक्ट श्रीमती मयूरी सक्सेना,जनपद पंचायत राहतगढ़ के मुख्य कार्यपालन अधिकारी पीएल प्रजापति, रेंजर सरवेश सोनी ,थाना प्रभारी आनंद राज सहित अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

इस कार्य योजना से वाटरफॉल के सौंदर्यीकरण के साथ-साथ स्थानीय लोगों को रोजगार हेतु अनेक अवसर उत्पन्न होंगे। उन्होंने कहा कि वाटरफॉल की सुरक्षा की दृष्टि से यहां 24 घंटे सुरक्षा गार्ड तैनात किए जाएंगे एवं मुख्य द्वार पर टिकट खिड़की भी स्थापित की जाएगी। जिसमें न्यूनतम शुल्क पर प्रवेश दिया जाएगा। राहतगढ़ वाटरफॉल का विकास इस प्रकार से किया जाएगा जिससे संपूर्ण बुंदेलखंड के साथ-साथ पूरे मध्यप्रदेश में राहतगढ़ वाटरफॉल का नाम आकर्षक पर्यटन स्थलों में जाना जाए।

कलेक्टर दीपक आर्य ने कहां कि, राहतगढ़ वाटरफॉल में पर्यटन की अपार संभावनाएँ हैं। इसके लिए वन विभाग, पंचायत विभाग और पर्यटन विभाग आपसी समन्वय से विस्तृत कार्य योजना तैयार करें जिससे यहां का संपूर्ण विकास किया जा सके। उन्होंने कहा कि, जब राहतगढ़ वाटरफॉल का संपूर्ण विकास होगा तो यहाँ पर्यटकों की संख्या भी बढ़ेगी और स्थानीय व्यक्तियों को रोजगार के अवसर भी प्राप्त हो सकेंगे। उन्होंने राहतगढ़ वाटरफॉल परिसर में ही ओपन थिएटर बनाने के भी निर्देश दिए जिससे यहां आने वाले पर्यटकों को सांस्कृतिक कार्यक्रम करने में सुविधा प्राप्त होगी। उन्होंने वन विभाग द्वारा किए जा रहे निर्माण कार्य जिसमें गेट निर्माण ,पैगोडा निर्माण एवं प्रगति पथ 250 मीटर का कार्य पूरी गुणवत्ता से करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर दीपक आर्य ने वाटरफॉल भ्रमण के दौरान संबंधित अधिकारियों एवं भोपाल से आई आर्किटेक्ट निर्देश दिए कि राहतगढ़ वाटरफॉल में सर्वप्रथम बिजली, पेयजल एवं पर्यटकों के लिए पानी एवं धूप से बचाव के लिए शेड की व्यवस्था की जाए। वाटरफॉल क्षेत्र में पर्यटकों द्वारा उपयोग की जाने वाली सामग्री के उचित निपटारे और वेस्ट सामग्री को एकत्र करने के लिए कूड़ा दान भी लगाए जाएंगे।

कलेक्टर आर्य ने बताया कि, राहतगढ़ वाटरफॉल एक अच्छा पर्यटक स्थल बनने के पश्चात यहां बच्चों के लिए पार्क, ओपन थिएटर, सेल्फी प्वाइंट, अत्याधुनिक शौचालय ,खेल की गतिविधियां एवं खानपान की उचित व्यवस्था, मुख्य आकर्षक द्वार भी निर्मित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि यहाँ सुरक्षा की दृष्टि से फेंसिंग एवं बैरिकेडिंग की जाएगी।

## सीईओ ने तिरला की अलग-अलग ग्राम पंचायतों में तालाब निर्माण कार्यो का किया निरीक्षण

**अतुल्य भास्कर, धार**

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत आशीष वशिष्ठ द्वारा आज जनपद पंचायत तिरला की अलग अलग ग्राम पंचायतों में तालाब निर्माण कार्य का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सर्वप्रथम श्री वशिष्ठ द्वारा हिम्मतगढ तालाब जीर्णाद्वार हेतु चयनित स्थल का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान तालाब की क्षमता और जीर्णोद्धार कार्य होने से कितने लोग लाभांवित होगे इस पर जानकारी प्राप्त की जाकर विस्तृत रिपोर्ट तैयार करने के निर्देश संबंधितों को दिए गए। ग्राम पंचायत खादनखुर्द स्टापडेम जीर्णोद्धार कार्य हेतु चयनित स्थल का निरीक्षण किया गया। स्थल चयन मापदण्ड अनुसार नही करने से अप्रसन्नता अभिव्यक्त की गई।

आरईएस विभाग द्वारा 1.49 करोड की लागत से निर्मित निस्तार तालाब बडखोदरा, कमालघाटी का भी निरीक्षण किया गया। कार्य की प्रगति पर संतोष व्यक्त किया गया। विदित हो कि उक्त तालाब की क्षमता 11 एमसीएफटी होकर वर्तमान जलभराव 9 एमसीएफटी है। तालाब का केचमेंट एरिया 2.40 स्क्वेयर कि.मी. है तथा उक्त तालाब के निर्मित होने से 50 से 60 हेक्टयर रकबा सिंचित हो सकेगा साथ ही इस तालाब में मत्स्य पालन गतिविधि प्रारंभ करने हेतु स्व सहायता समूहों को पट्टे आवंटन कर दिए गए है जिससे वे मत्स्य पालन कर आय अर्जित कर सकेंगे। इसके उपरांत निस्तार तालाब निर्माण मांगल्यानाला मुसापुरा का भी निरीक्षण किया गया।

श्री वशिष्ठ द्वारा नवनिर्मित तालाबों में मत्स्य पालन प्रारंभ करने हेतु महिला स्व सहायता समूहों का चयन कर प्रस्ताव प्रेषित करने तथा मत्स्य विभाग से पट्टा प्राप्त करने की कार्यवाही करने के संबंध में भी निर्देश दिए गए।

## जिला चिकित्सालय के मास्टर प्लान के किए कयवाद

**अतुल्य भास्कर, धार**



जिला चिकित्सालय की वर्तमान स्थिति और भविष्य की आवश्यकता के मद्देनजर मास्टर प्लान तैयार करने के लिए कलेक्टर डॉ पंकज जैन ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के आला अधिकारियों एवं भोपाल से आए आर्किटेक्ट के साथ चर्चा की। चिकित्सालय में हुई बैठक में एडीएम डॉ. सलोनी सिडाना, स्थानीय लोक निर्माण विभाग, प्रोजेक्ट इंप्लीमेंटेशन यूनिट, नगर पालिका के अभियंताओं के साथ चिकित्सक गणों ने भी चर्चा में अपना इनपुट दिया। मुख्य फोकस दो बातों पर रहा एक तो शॉर्ट टर्म कार्य जो जल्दी अमल कराया जा सकता है और दूसरा लॉन्ग टर्म कार्य जिसके लिए रोडमैप तैयार कर लिया जाए ताकि निकट भविष्य में प्राथमिकता के आधार पर बजट की उपलब्धता के अनुसार काम किए जा सके। कलेक्टर डॉ पंकज जैन बोले वर्तमान में चिकित्सालय के विभिन्न कंपोनेंट्स के युक्ति युक्तकरण करने की जरूरत दिखाई दे रही है, ताकि आगंतुकों और मरीजों का मूवमेंट फ्रिक्वेंट हो सके,भूल भुलैया की तरह ना रहे। भवन के जर्जर हिस्से को गिरा कर नए कंस्ट्रक्शन की भी जरूरत है ताकि यहां आप निर्भर भारत के अंतर्गत नवीन कैजुअल्टी यूनिट का निर्माण किया जा सके। अस्पताल का प्रॉपर ड्रेनेज सिस्टम हो, रूफटॉप हार्वेस्टिंग व्यवस्थित हो, पार्किंग, ओपीडी, दवाई वितरण केंद्र, एक्स-रे, लैब आदि को भी व्यवस्थित किया जाए। जरुरत के मुताबिक इनकी शिफ्टिंग की जाए।साथ ही ट्रामा की स्थिति में शीघ्र और व्यवस्थित उपचार की व्यवस्था हो।

बैठक पश्चात क्लेक्टर डॉ जैन,एडीएम डॉ सिडाना ने टीम सदस्यों के साथ चिकित्सालय का भ्रमण किया। टीम द्वारा जरुरत के मुताबिक बदलाव की प्लानिंग को भी लिपिबद्ध किया गया।

## बालक छात्रावास की मांग को लेकर दिया ज्ञापन



**अतुल्य भास्कर, बीना**

बुधवार को एनएसयूआई जिला सचिव भानगढ़ राजा भारत कुर्मी के नेतृत्व में बालक छात्रावास की मांग को लेकर जिला शिक्षा अधिकारी के नाम शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भानगढ़ के प्राचार्य को एक ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में कहा गया है कि भानगढ़ संकुल जनपद शिक्षा केंद बीना का दूसरा सबसे बड़ा संकुल है। जहाँ भानगढ़ के अलावा अन्न गाँव के बालक शिक्षा प्राप्त करने आते है। कुछ गाँव जिनकी दूरी बहुत है बहा के बालक प्रीतिदिन शाला किराये के बॉहन से आते है या यही किराये से रहकर शाला आते है। जिस कारण उन पर अधिक आर्थिक बोझ आ जाता है जिस वजह से बह शाला छोड़ देते है। ज्ञापन देने वालों में अनुज कुर्मी, राजा शशिकांत पटेल, अजय पटेल, रविकान्त विश्वकर्मा, प्रहलाद पटेल, मोनु, कमल राकेश करोंदा, शुभम, सौरभ सहित सैकड़ों एनएसयूआई के कार्यकर्ता उपास्तिथ थे।

# जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में हुई मारपीट

**अतुल्य भास्कर, पथरिया**



पथरिया के नेगुवा गांव में रहने वाले एक गरीब प्रजापति परिवार पर गांव के दूसरे पक्ष ने 15-20 लोगों के साथ जानलेवा हमला कर दिया। घर में तोड़फोड़ की और दरवाजे भी तोड़ दिए। जिससे डर कर परिवार के लोग हमले के बाद एक कमरे में घंटों तक खुद को बंधक बनाकर बैठे रहे।वही घायलों ने 108 को फोन लगाकर बुलाया तो 108 में बैठने नही दिया गया। आरोपियों ने घायलों को एंबुलेंस में बैठने तक नहीं दिया, बड़ी मुश्किलों का बाद एम्बुलेंस से वह पथरिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुचे। जहाँ डॉक्टरों ने सुनील प्रजापति के पिता को जिला अस्पताल रिफर कर दिया गया। पुलिस ने तत्काल एफआईआर की और 506, 34, 294 जैसी धारा सामान्य धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है, जबकि आरोपियों ने उनके घर में घुसकर तोड़फोड़ की है। घायल सुनील प्रजापति ने बताया कि पिता संतोष प्रजापति, मां मालती प्रजापति, भाई जितेंद्र, सपना, ज्योति और चंदा के साथ गांव के बलिचंद, कुलदीप सहित दर्जनों लोगों ने उनके घर पर हमला कर दिया। पूरे परिवार के साथ मारपीट की। जैसे-तैसे वह प्राथमिक उपचार कराने के लिए पथरिया अस्पताल पहुंचे। इसके बाद रिपोर्ट करने शाम 7 बजे पथरिया थाने पहुंचा। टीआई एमपी गौड़ गांव पहुंचे और घर में हुई तोड़फोड़ भी देखी।

वही सुनील की माँ मालती ने बताया कि मारपीट के बाद उन्होंने काफी देर तक खुद को कमरे में बंद करके रखा था। उसने एंबुलेंस को फोन लगाया था कि उसके गंभीर रूप से घायल परिवार ने लोगों को अस्पताल भेजा जा सके, लेकिन आरोपियों ने एंबुलेंस को भी वहां से भगा दिया।

## कांग्रेस कमेटी ने सौंपा खाद की समस्या को लेकर ज्ञापन



**अतुल्य भास्कर, बीना**

कांग्रेस कमेटी ने किसानों को खाद की समस्या एवं बिजली की समस्या को लेकर कलेक्टर महोदय दीपक आर्य को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में कहा गया है कि विगत एक सप्ताह से किसानों के लिये खाद का वितरण नहीं हो रहा है। शासन द्वारा बीना की किसानों के साथ पक्षपात किया जा रहा है यह अन्याय है बीना में पर्याप्त खाद बढ़ाकर दिया जावे। बिजली विभाग द्वारा जो अधिक राशि लेकर अस्थाई कनेक्शन दिया गया है वह राशि वापिस कर लगभग 15 घंटे किसानों को बिजली दी जावे। शासन द्वारा बीपीएल कार्ड एवं अंत्योदय कार्ड धारियों को एक एवं दो लीटर केरोसिन दिया जावे जिससे उनकी परेशानी दूर हो सके।

ज्ञापन में कहा गया है कि यदि उनकी मांगों को शीघ्र ही पूर्ण नहीं किया गया तो कांग्रेस कमेटी उग्र आंदोलन करने बाध्य होगी। ज्ञापन सौंपने वालों में शहर अध्यक्ष महेंद्र सिंह ठाकुर, पूर्व ब्लाक अध्यक्ष मनोहर राय, निर्मला सप्रे, राजेंद्र सेन, ओम प्रकाश पासू पंजाबी, राजाराम अहिरवार, आशीष चौबे सहित सैकड़ों कांग्रेसजन शामिल हैं।

## आरके जैन बने एलएससी मेंबर

**अतुल्य भास्कर, बीना**

28 सितंबर को मडगांव गोवा में ईसीसी सोसायटी का 108 वां वार्षिक अधिवेशन हुआ। जिसमें भारतीय रेल केईसीसी सोसाइटी से 273 डेलीगेट ने भाग लिया था। जिसमें भोपाल मंडल से 6 एलएससी मेंबर चुने गए एवं बीना टीआरएस में कार्यरत आरके जैन को सेंट्रल रेलवे एम्पलाइज को ऑपरेटिव क्रेडिट सोसायटी मुंबई की भोपाल मंडल के बीना क्षेत्र से एलएससी मेंबर चुना गया है। वे वर्तमान में डब्लूसीआरईयू लोको ब्रांच के सहायक सचिव एवं ईसीसी सोसायटी के डेलीगेट भी हैं रेल संस्थान बीना में कोषाध्यक्ष हैं। ईसीसी सोसायटी द्वारा रेल कर्मचारी शेयरधारकों को वर्तमान में 5.5 प्रतिशत पर 5 लाख से 17 लाख रुपए तक लोन प्रदान किया जाता है और शेयरधारकों के परिवार कल्याण हेतु इंजीनियरिंग में पढ़ने वाले बच्चों को स्कॉलरशिप एवं अवार्ड प्रदान किया जाता है। बीमार कर्मचारी एवं परिवार जैसे टीवी, कैंसर, हृदयघात, दिव्यांगों को सहायता प्रदान की जाती है। आर के जैन को एलएससी में बर बनाए जाने पर ब्रांच सचिव संजय जैन, लोको ब्रांच सचिव जॉर्ज सैमुयल एवं काजिम जफर जैदी, लोको ब्रांच अध्यक्ष एस.के. निरंजन, यूथ विंग मंडल सचिव रवि राय, संतोष सैनी, हरिमोहन कौशिक, ए.के. दुबे, संजीव सुडेले एवं समस्त रेल कर्मचारियों ने बधाई प्रेषित की है।

# राजस्व मंत्री की पहल पर मंत्री परिषद ने दी 4 नवीन तहसीलों को मंजूरी

## नई तहसीलों के गठन से 181 ग्राम के निवासियों को होगा फायदा

**अतुल्य भास्कर, सागर**




प्रदेश के राजस्व एवं परिवहन मंत्री गोविंद सिंह राजपूत के विशेष प्रयासों एवं मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की घोषणा के अनुपालन में मंत्री परिषद द्वारा प्रदेश में चार नई तहसीलों के गठन को मंजूरी प्रदान कर दी है। इस संबंध में प्रदेश के राजस्व एवं परिवहन मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने बताया कि खंडवा जिले की पुनासा तहसील का पुनर्गठन कर नई तहसील मूंदी के गठन को मंजूरी प्रदान की है। मूंदी में अब नया तहसील भवन बनाया जाएगा। इस नई तहसील के गठन से मंदू के 31 पटवारी हलके के 60 ग्रामों को शामिल किया गया है। जिससे यहां की जनता को तहसील से जुड़े सभी कार्य के लिए अब पुनासा जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। इसी प्रकार खंडवा जिले में ही एक और नई तहसील किल्लोद का गठन कर मंजूरी प्रदान की गई है। नई तहसील किल्लोद में 16 पटवारी हलको के 32 ग्राम एवं पूर्ण डूब के 31 ग्राम तथा एक वन ग्राम सहित 64 ग्राम शामिल किए गए हैं।

राजस्व मंत्री राजपूत ने बताया कि इसी प्रकार टीकमगढ़ जिले में एक नई तहसील दिगौड़ा के गठन को मंजूरी प्रदान कर दी गई है। नई तहसील दिगौड़ा में 19 पटवारी हलके के 43 ग्राम शामिल किए गए हैं। राजस्व मंत्री राजपूत ने बताया कि बुरहानपुर जिले में नवीन तहसील धूलकोट के गठन को मंत्रीमंडल ने मंजूरी प्रदान की है। इस नई तहसील में 11 पटवारी हलको के 14 ग्राम शामिल किए गए हैं। परिवहन एवं राजस्व मंत्री गोविंद सिंह राजपूत के इस विशेष प्रयास से नवगठित चार तहसीलों के 181 ग्राम के निवासियों को राजस्व से जुड़े सभी प्रकार के मामलों के निराकरण के लिए अब दूसरी तहसीलों में नहीं जाना पड़ेगा। राजपूत ने बताया कि प्रदेश की शिवराज सरकार हमेशा जनहितैषी निर्णय लेकर आम जनता की सुविधा को बढ़ाने के प्रयास में लगी रहती है। राजस्व विभाग का यह प्रयास सुशासन की दिशा में एक कदम बढ़ाने की कोशिश है।

### तहसीलदार को हटाने अधिवक्ता संघ ने प्रभारी मंत्री को सौपा ज्ञापन

**होशंगाबाद।** तहसीलदार निधि चौकसे की कार्यप्रणाली से असंतुष्ट अधिवक्ता संघ ने जिले के प्रभारी मंत्री बृजेन्द्र प्रताप सिंह को ज्ञापन सौंपा है। अध्यक्ष केके थापक के साथ सचिव मनोज जराठे, उपाध्यक्ष अखिलेश मिश्रा, सहसचिव सुरेन्द्र सिंह राजपूत, कोषाध्यक्ष अभिषेक तिवारी, ग्रंथपाल, प्रकाश दुबे, कार्यकारिणी सदस्य राजेश चौरे, रीतेश विश्वकर्मा, क्षमा चौहान, पूजा अवस्थी और अधिवक्ता प्रशांत पालीवाल, नर्मदा प्रसाद शर्मा , सौरभ तिवारी आदि मौजूद रहे। विदित रहे कि संघ ने कलेक्टर नीरज सिंह को भी तहसीलदार के व्यवहार के विरूद्ध ज्ञापन देकर हटाएं जाने की मांग की गई थी इस पर कोई भी कार्यवाही न होने से अधिवक्ता नाराज है।

# गहोई वैश्य समाज संचालन मंडल की बैठक संपन्न, सुहाने बने अध्यक्ष



**अतुल्य भास्कर, सागर**

गहोई वैश्य समाज संचालन मंडल की बैठक देव जगमोहन पंचायती ट्रस्ट मंदिर में संपन्न हुई, जिसमें सुरेंद्र सुहाने को सर्वसम्मति से गहोई वैश्य समाज का अध्यक्ष चुना गया। इस बैठक का संचालन संरक्षक नर्मदा प्रसाद ददरिया की देखरेख में हुआ जिसमें संपूर्ण कार्यकारणी का गठन आम सहमति से किया गया आनंद कठल को उपाध्यक्ष, वीरेंद्र सुहाने को मंत्री, निकेश गुप्ता को मीडिया एवं प्रचार प्रसार प्रभारी, सुधीर कुमार झुड़ेले को उप मंत्री कैलाश सॉवला को कोषाध्यक्ष, संदर्भ कठल को सह मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया। नियुक्ति की घोषणा के उपरांत कार्यकारिणी ने तुरंत कार्य शुरू करते हुए महत्वपूर्ण निर्णय लिये। गहोई समाज के सभी डॉक्टर डॉक्टरों को एक मंच पर लाकर मेडिकल कैंप लगाने का निर्णय लिया गया।

संचालन मंडल में अन्य महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए प्रदेश सरकार से मांग करने का फैसला लिया कि गहोई समाज की सामाजिक एवं आर्थिक पिछड़ेपन को देखते हुए समाज को पिछड़े वर्ग में शामिल किया जाए। इसके लिए अति शीघ्र मुख्यमंत्री एवं राज्यपाल के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपने का निर्णय लिया गया। बैठक में शामिल अन्य सदस्यों में ओमप्रकाश रूसिया, उमा खरया, वीरेंद्र सुहाने, मनोज डांगरे, अवधेश बिलैया, राजेश सेठ, डॉ अंशुल गुप्ता आदि रहे।

# शिक्षा तो दूर की बात पानी को तरस रहे बच्चे खुले में शौच करने को मजबूर

**अतुल्य भास्कर, नौगांव**




गरीब बच्चों को शिक्षा देने के उद्देश्य से सरकार ने प्राइवेट स्कूल की तर्ज पर इंग्लिश मीडियम स्कूलों की शुरूआत की गई जिसको लेकर नगर में भी जनपद शिक्षा केंद्र के निकट शासकीय एक्सीलेंस ईएम स्कूल की शुरूआत की गई जिसमें पानी पीने के लिए वाटर टैंक शौचालय सहित अन्य सुविधाएं दी गई जिसमें वर्तमान में 400 छात्र-छात्राएं अध्ययनरत है लेकिन परिसर में लगा हेड पंप का पानी दूषित होने की वजह से प्रतिबंधित कर दिया गया जिससे स्कूल के बच्चों को पानी की एक-एक बूंद के लिए तरस रहे वही शौच की समस्या भी बढ़ती जा रही है स्थिति यह है कि 400 छात्र-छात्राओं को प्यास बुझाने सौ डेढ़ सौ मीटर दूर जाना पड़ता है जिसको लेकर स्कूल प्रधानाचार्य ने बताया कि इस समस्या के समाधान के लिए 2 माह पूर्व दिनांक 28 सितंबर 2021 को जनसुनवाई में आवेदन दिया गया था जिसके बाद नगरपालिका कार्यालय से नल कनेक्शन के लिए कहा तो विभागीय अधिकारी ने बताया कि नल कनेक्शन के लिए ?5000 जमा कर दीजिए जिस के पैसों की असमर्थता के चलते बच्चे बूंद-बूंद पानी को तरस रहे और पानी की जुगाड़ में पढ़ाई भी प्रभावित हो रही है सबसे बड़ी समस्या पानी की है जिससे छात्र छात्राएं तो ठीक स्टाफ भी परेशान है इसे प्रशासन की अक्षमता कहे या कुछ और कि महज ?5000 के चलते 400 बच्चे पानी को तरस रहे जब मुख्यालय का यह हाल है तो ग्रामीण क्षेत्रों की हालात कैसे होंगे अंदाजा लगाया जा सकता है।

### छात्र-छात्राओं की सेहत के साथ खिलवाड़ कर रहा प्रबंधन

**2015 में आया था आदेश:** नौगांव नगर में संचालित शासकीय स्कूलों में पढ? वाले छात्र-छात्राओं की सेहत से प्रबंधन किस तरह का खिलवाड़ कर रहा है इसका अंदाजा स्कूलों में लगी पानी की टंकियों की स्थितियों को देखकर लगाया जा सकता है भूल से भी इन टंकियों को ऊपर से एक बार देख लिया जाए तो इसका पानी पीना तो दूर मुंह धोने लायक भी नहीं है स्कूलों में लगी टंकियों का मुआयना किया तो हालत बद से बदतर नजर आए टंकियों के अंदर काई जमा थी तो कहीं टंकियों के अंदर मेंढक केंचुए नजर आये जिससे बच्चों में बीमारियां फैलने का खतरा बना हुआ है की सप्ताह में एक बार सफाई हो स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा 2015 में आदेश जारी कर सभी स्कूलों को हर सप्ताह स्कूल की पेयजल टंकियों की साफ सफाई कराने के आदेश जारी किए गए थे लेकिन अधिकांश स्कूलों बच्चों के स्वास्थ्य को लेकर लापरवाही बरत रहे हैं स्कूल की टंकियों को देखकर ऐसा लगता है इनकी सफाई कई महीनों से नहीं की गई है।

# तेजी से पूरा करें स्मार्ट रोड-2 का काम: सीईओ

**सागर।** सागर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के सीईओ राहुल सिंह राजपूत ने बुधवार को सुप्रीटेंडेंट इंजीनियर अजय शर्मा के साथ तिली तिराहा से सिविल लाइंस चौराहा तक बन रही स्मार्ट रोड-2 के कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान निर्माण की गुणवत्ता को परखा और संबंधित अधिकारियों और निर्माण एजेंसी को आवश्यक निर्देश दिए। सीईओ राहुल सिंह राजपूत ने स्मार्ट रोड पर चल रहे विभिन्न निर्माण कार्यों को देखा। इस दौरान सुप्रीटेंडेंट इंजीनियर अजय शर्मा ने निर्माण सामग्री की गुणवत्ता परखी। उन्होंने कई जगह सडक का माप भी लिया। सीईओ राहुल सिंह राजपूत ने निर्देश दिए कि जहां-जहां ड्रेन और डक्ट का काम छूटा हुआ है, उसे सबसे पहले पूरा करें। इसके साथ ही डिवाइडर और सडक निर्माण का काम भी जारी रखें। उन्होंने निर्माण एजेंसी को तेजी से काम करने के निर्देश भी दिए।

# कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह से मुझे जान का खतरा है: राजेश प्रजापति

## मुख्यमंत्री के संज्ञान में आया विधायक चंदला का मामला

**अतुल्य भास्कर, छतरपुर**



भारतीय जनता पार्टी के चंदला विधायक राजेश प्रजापति ने छतरपुर कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह पर यह आरोप लगाया है कि छतरपुर कलेक्टर उन्हें निपटा सकते हैं। इस संबंध में विधायक ने प्रदेश के मुख्यमंत्री एवं प्रभारी मंत्री को इसकी विधिवत सूचना दे दी है। विधायक के द्वारा बताया गया कि छतरपुर कलेक्टर के बंगले पर हम एक आवेदन लिखित लेकर विभिन्न मांगों का गए थे परंतु कलेक्टर की कार्यशैली और उनका व्यवहार ठीक न होने के कारण हमने अपना लिखित आवेदन कलेक्टर को नहीं सौंपा था। जिसकी जानकारी हमने प्रदेश के भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारियों को दे दी है। प्रजापति ने कलेक्टर को जो पत्र लिखा था वह दिनांक 9 तारीख का था।

अपने विधानसभा क्षेत्र में नामांतरण, सीमांकन, रिकार्ड सुधार संबंधी फाइलों के पेंडिंग होने की जानकारी उल्लेखित की थी। इसके अलावा पीएम आवास में मजदूरी, मनरेगा का भुगतान समय सीमा में न होने से आवास निमार्णों में हो रही देरी एवं आवास अधूरे पड़े होने की जानकारी के संबंध में उल्लेख था।

सहकारी समिति माधवपुर में वर्ष 2009-10 की खाद वर्तमान समय में वितरण की सूचना प्राप्त हुई की जांच करवाकर संबंधित के खिलाफ कार्यवाही किए जाने की मांग की। विधानसभा क्षेत्र में मनरेगा योजना के तहत पिछले दो तीन वर्षों में सडक का निर्माण कार्य की स्वीकृति प्रदान नहीं हुई है जिसकी छोटे छोटे मजरे टोलों में रह रहे लोगों को आगमन में परेशानी हो रही है कृपया सुदूर सडक स्वीकृत की जाए।

भू आवंटन के पट्टों की भूमि को सरकारी रिकार्डों में चढ़वाने की कार्यवाही की जाए जिससे क्षेत्र के किसानों को पीएम सम्माननिधि योजना का लाभ मिल सके। विधानसभा क्षेत्र में कई ग्रामों में रेत के अवैध भंडारण (डंप) पड़े हुए हैं सभी भंडारो को जब्त करने की कार्यवाही की जाए। इन विभिन्न समस्याओं को लेकर चंदला विधायक कलेक्टर से मिलने के लिए गए थे। जब कलेक्टर ने कलेक्टर कार्यालय में समय नहीं दिया तो विधायक के द्वारा बंगले पर जाने से पहले कलेक्टर के लिए एक बुके एवं अच्छे किस्म की मिठाई ली। किंतु कलेक्टर बंगले पर जाने के बाद कलेक्टर के द्वारा जो व्यवहार राजेश प्रजापति विधायक के साथ किया गया उससे क्षुब्द होकर मजबूरन उन्हें धरने पर बैठना पड़ा। हालांकि धरने पर बैठने के बाद मीडिया में खबरे प्रकाशित होने के बाद प्रदेश अध्यक्ष बीडी शर्मा एवं राज्यसभा सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया ने विधायक राजेश प्रजापति से दूरभाष पर चर्चा की।

उन्होंने अपनी पीड़ा से अवगत कराया। वहीं दूसरी ओर कलेक्टर के द्वारा बंगले में होने के बावजूद भी लगभग पांच घंटे बाद कलेक्टर विधायक से मिलने बंगले से बाहर निकले। आखिरकार जनप्रतिनिधियों का इस तरह का अपमान होना प्रदेश की सरकार की कार्यशैली पर प्रश्न चिन्ह लगाता है। प्रदेश के किसी कलेक्टर के बंगले पर सत्ताधारी पार्टी के विधायक ने आज तक धरना प्रदर्शन नहीं किया परंतु छतरपुर कलेक्टर के द्वारा जनप्रतिनिधियों की लगातार की जा रही उपेक्षा एवं अपमानित जैसी कार्यशैली से परेशान होकर आखिरकार सत्ताधारी विधायक ने यह कदम उठाया है।

आज प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शाम पांच बजे चंदला विधायक को मिलने का समय दिया है और संभवत: मुख्यमंत्री के मिलने के बाद छतरपुर कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह और चंदला विधायक राजेश प्रजापति के बीच का विवाद सुलझ जाए लेकिन विवाद इतना बढ़ चुका है कि इसे सुलझाने में संगठन और सत्ता से जुड़े वरिष्ठ नेताओं को हस्तक्षेप करना पड़ेगा। फिलहाल छतरपुर कलेक्टर की कार्यशैली से छतरपुर जिले के दोनों भाजपा विधायक अच्छे खासे परेशान हैं। अपनी पीढ़ा किसी को नहीं बता पा रहे हैं। इस संबंध में जिले के प्रभारी मंत्री ओमप्रकाश सखलेचा से दूरभाष पर चर्चा हुई तो उन्होंने इस संबंध में अभी कोई भी बयान नहीं दिया और मामला मुख्यमंत्री से चर्चा करने की बात कही।

# शिक्षा बढ़ रही है किन्तु ज्ञान घट रहा है: अभ्युदय भाई

**अतुल्य भास्कर, सागर**

पूरी दुनिया में हम तीव्र गति से भौतिक उन्नति कर रहे है, मोबाईल की मदद से सोशल मीडिया के माध्यम से हम अपने विचारों को प्रेषित कर रहे हैं। तो नैतिक पतन भी उतनी ही तेज गति से हो रहा है। आज शिक्षा बढ़ रही है किन्तु ज्ञान घट रहा है। विश्व हिंसा और स्वार्थ में लगातार वृद्धि के बावजूद इस पर ध्यान न दिया जाना चिंताजनक है। भारत में वर्ग विद्वेश बढ़ रहा है। परिवार में व्यवस्था कमजोर हो रही है। समाज व्यवस्था की सारी भूमिका राज्य व्यवस्था के पास सिमट गई है। पश्चिम की अनेक अवधारणाएं भारत में सत्य के समान स्थापित हो रही है। लोकतंत्र की विश्वव्यापी असफलता प्रणाली के बावजूद भी भारत लोकतंत्र के विकल्प के तौर पर लोक स्वराज प्रणाली को आगे नहीं ला पा रहा है।

लोकतंत्र का अर्थ लोक नियंत्रित तंत्र होता है, जो अब लोक नियुक्त तंत्र तक आकर सिमट गया है। इसे तो ज्ञानयज्ञ जन जागरण यात्रा देशव्यापी जागरुकता का संदेश आचार्य बजरंग मुनि के कुशल निर्देशन में दे रही है। उपरोक्त विचार भारत यात्रा पर निकली ज्ञान यज्ञ परिवार मार्गदर्शक सामाजिक शोधसंस्थान के प्रमुख आचार्य बजरंग मुनि के अन्नय सहयोगी विचारक अभ्युदय भाई स्थानीय अंकुर स्कूल मकरोनिया में बुद्धिजीवियों की सभा में व्यक्त किए।

सर्व प्रथम अभ्युदय भाई, अयोध्या से मंगल भाई, वाराणसी से सुजीत भाई, दानवीर गुलझारीलाल जैन, अखिल भारतीय साहित्य सृजन मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष महेश दत्त त्रिपाठी, यात्रा संयोजक आरएन मिश्रा, ने भारत माता की पूजन अर्चन कर दीप प्रवज्जवल के साथ परिचर्चा का शुभारंभ स्वरात प्रार्थना से किया। स्वागत भाषण देते हुए आरएन मिश्रा ने कहा कि हम सागर में संवाद के माध्यम से ज्ञान यज्ञ को गति दे रहे हैं।

कार्यक्रम की अध्यक्ष सामज सेवी आरडी शर्मा ने एवं विशिष्ठ अतिथि राष्ट्रपति पुरुस्कृत शिक्षक देशराज सिंह ठाकुर ने योग, ध्यान, ईश्वर उपासना पर बल दिया। युवा कवि रुद्रेश पांडे, डॉ. ओम प्रकाश चौबे, रि.मेडीकल आफीस, सागर रत्न सुबोध मलैया, आरके चौबे, हेमलता दुबे, जीपी गुप्ता ने व्यवस्था परिवर्तन तथा भारत की बुनियादी समस्याओं पर प्रकाश डालते हुए अतिथियों का जय जगत जय भारत के नारों के साथ पुष्पहार पहना कर सम्मान किया।

# संयुक्त किसान मोर्चा का अनिश्चित कालीन धरना तीसरे दिन खत्म

**अतुल्य भास्कर, बीना।** तहसील परिसर में संयुक्त किसान मोर्चा का अनिश्चित कालीन धरना करीब तीन दिन से चल रहा था। बुधवार को जिला कलेक्टर दीपक आर्य ने तहसील परिसर में दोपहर 2 बजे पहुंचकर धरना प्रदर्शन समाप्त करवाया। किसानों द्वारा की मांगों को लेकर उन्होनें कहा कि जो किसानों को डीएपी खाद नहीं मिल पा रहा है उसके लिये खाद का रैक लग चुका है दो या तीन में किसानों को मिलना शुरू हो जायेगा। धान खरीदी शुरू करने लिये उन्होनें कहा कि वह पत्र लिखेंगे। किसानों को मिलने वाली बिजली के बारे में उन्होनें कहा कि वह संबंधित बिजली विभाग को इस बारे में निर्देशित करेंगे कि किसानों को 10 घंटे बिजली दी जाये जिससे कि उनकी फसलें बर्बाद न हों और कटौती नहीं की जाये।

उन्होनें कहा कि वैसे तो मैं महिने में कम से कम दो या तीन बार बीना आते ही हैं लेकिन अब समाचार पत्रों के माध्यम से मेरे आने की सूचना सभी क्षेत्रवासियों को दी जायेगी। उन्होनें कहा कि किसानों पर जो चक्काजाम के प्रकरण दर्ज किये गये हैं इस विषय में वह प्रशासन को अवगत करायेंगे जिससे इस समस्या का समाधान हो सके।

# कोविड-19 टीकाकरण कार्य में लापरवाही बरतने पर चिकित्सा अधिकारी डॉ. आशीष जैन को नोटिस जारी

**अतुल्य भास्कर, सागर**

कलेक्टर दीपक आर्य के निर्देश पर सीएमएचओ डा. सुरेश बौद्ध ने जिला चिकित्सालय के चिकित्सा अधिकारी पी.जी. कम्यूनिटी मेडीसीन डॉ. आशीष जैन को कोविड-19 टीकाकरण कार्य में लापरवाही बरतने पर कारण बताओ नोटिस जारी किया है। सीएमएचओ डॉ सुरेश बौद्ध ने बताया कि टीकाकरण कार्य के शत प्रतिशत गुणवत्ता पूर्ण एवं टीकाकरण जैसे : अति महत्वपूर्ण संवेदनशील कार्यक्रम हेतु डाक्टर जैन को शहरी क्षेत्र का नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है एवं उक्त कार्य को पूर्ण निष्ठा एवं लगन के साथ कियान्वित किया जाना डाक्टर जैन का दायित्व है। टीकाकरण महाअभियान के सफल संचालन हेतु कार्यालय में 4 बैठक आयोजित की गयी। जिसमें डाक्टर जैन बिना किसी पूर्व सूचना के अनुपस्थित पाये गये।

डाक्टर जैन के उक्त कृत्य से टीकाकरण जैसे अतिमहत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्यक्रमों के प्रति अरुचि, उदासीनता एवं वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा देय निदेर्शों की अवहेलना करना सिद्ध होता है। जिला टीकाकरण अधिकारी द्वारा भी 10 नवंबर 2021 को अवगत कराया गया कि प्रात: 10.30 बजे तक डाक्टर जैन द्वारा उनके फोन कॉल भी रिसीव नहीं किये गये। डाक्टर जैन निष्क्रियता के कारण सेंटरों पर वैक्सीन समय पर नहीं पहुंचने से सत्र समय पर प्रारंभ नहीं हो सके जिस कारण कलेक्टर द्वारा भी अत्यन्त नाराजगी एवं अप्रसन्नता व्यक्त की गयी। जिससे विभाग की छवि भी धूमिल हुई। इस प्रकार डाक्टर जैन का उपरोक्त कृत्य मध्यप्रदेश सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम -3 के उप नियम (1) (11) (111) के अनुरूप न होकर कदाचरण की श्रेणी में आता है।

इस प्रकार आप उक्त नियमों का पालन म और अपने कार्य के प्रति सन्निष्ठ एवं कर्तव्य परायण में रहते हुये अनुशासनात्मक कार्यवाही के भागी बन गये है। अत: डाक्टर जैन नोटिस प्राप्ति के 48 घंटे के अंदर अपना प्रतिवाद उत्तर सीएमएचओ के समक्ष उपस्थित होकर प्रस्तुत करें कि क्यों न आपके विरुद्ध मध्यप्रदेश सिविल सेवा (वर्गीकरण नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के अंतगर्त अनुशासानात्मक कार्यवाही हेतु प्रस्ताव वरिष्ठ कार्यालय को भेजा जाये। डाक्टर जैन उत्तर समय सीमा मे एवं संतोषजनक न पाये जाने पर डाक्टर जैन के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही हेतु प्रस्ताव गरिष्ठ कार्यालय को भेज दिया जायेगा। जिसके लिये डाक्टर जैन स्वयं उत्तरदायी हांगे।

# राव मांफी मांगे नहीं तो युवक कांग्रेस करेंगी बीजेपी प्रदेश कार्यालय का घेराव: चौबे

**अतुल्य भास्कर, सागर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रभारी मुरलीधर राव द्वारा बीते दिनों दिए गए विवादास्पद बयान जिसमें उनके द्वारा संपूर्ण ब्राह्मण समाज एवं जैन समाज को उनकी जेब में होना कहा गया था का विरोध काफी तेज हो गया है बुधवार को सागर में सागर युवक कांग्रेस जिला अध्यक्ष राहुल चौबे एवं सागर युवक कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष जितेंद्र चौधरी के सह नेतृत्व में भगवान गंज स्थित अंबेडकर मूर्ति के पास युवक कांग्रेस के दर्जनों कार्यकताओं की मौजूदगी में भाजपा के प्रदेश प्रभारी मुरलीधर राव का पुतला दहन किया गया इस दौरान युवक कांग्रेस कार्यकताओं में काफी आक्रोश देखने को मिला। इस दौरान सागर युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष राहुल चौबे ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व एवं नेताओं की जनता के प्रति क्या भावना है उनके बयानों से स्पष्ट होता है चुनाव के दौरान भाजपा के नेता जनता के पैर पड़ कर वोट मांगते हैं और बाद में उनको अपनी जेब में होने जैसे बयान देते हैं अगर भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व में जनता के प्रति जरा भी आदर और सम्मान है तो वह खुले मंच से एलान करके भाजपा के प्रदेश प्रभारी को तत्काल निष्कासित करें और साथ में यह भी स्पष्ट करें की यह बयान संपूर्ण भारतीय जनता पार्टी की तरफ से है या मुरलीधर राव का यह निजी बयान है अगर भारतीय जनता पार्टी मुरलीधर राव पर कार्यवाही नहीं करती है तो यह माना जाएगा कि यह बयान संपूर्ण भारतीय जनता पार्टी का है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से उपस्थित रहने वालों मे मुन्ना चौबे, सुरेंद्र चौबे, गोवर्धन रैकवार, सिंटू कटारे, शरद पुरोहित, इल्ले सरदार, जतिन चौकसे, धर्मेंद्र चौधरी, रोहित मांडले, दिनेश घोशी, नैतिक चौधरी, जैद खान, सहजाद निहारिया, सुनील ठाकुर, कमलेश तिवारी, अजय अहिरवार, अभिषेक तिवारी, बंटी पंथी, चक्रेश रोहित, माजिद खान, पवन जाटव, शाहबाज खान, सुदीप पटेरिया, नीलेश अहिरवार, मनोज सोनवार, साजिद राईन, श्वेतानक जैन, संजय सोनवार, प्रदीप पटेल, तरुण कोरी, अनुज सैन, गोपाल तिवारी, दिलीप जाटव, सवेटांक जैन, सतीश सेन, पंकज बंसल, आसिफ खान, राजा रायकवार, आदि अनेक युवक कांग्रेस कार्यकर्ता विशेष रूप से उपस्थित रहे।

# पंचायत की मनमानी सार्वजनिक शौचालय को किया ताले में कैद

## वर्ष 2018-19 में 7 लाख 50 हजार से संसद निधि से हुआ था सार्वजनिक शौचालय का निर्माण

**अतुल्य भास्कर, बटियागढ़**






जनपद पंचायत बटियागढ़ की ग्राम पंचायत फुटेरा कला में सार्वजनिक शौचालय वो भी ताले मे कैद है जबकि इस गांव की आबादी लगभग 12 हजार से 15 हजार आबादी है इतनी बड़ी आबादी वाले गांव में सिर्फ एक ही सार्वजनिक शौचालय वह भी ताले में कैद है बस स्टैंड,मेन बाजार, सब्जी बाजार ,आदि के आसपास एक भी शौचालय ना होने से दुकानदारों सहित राहगीरों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है हालांकि गांव में सांसद निधि 7.50 लाख की लागत से वर्ष 2018-19 में ग्रामीणों की मांग पर एक सार्वजनिक शौचालय का निर्माण किया गया था जिसका उपयोग गाँव के लोगो करने नहीं मिल पा रहा है मात्र शोपीस बनकर यह शौचालय रह गया है क्योंकि सरपंच एवं सचिव के द्वारा यहा पर ताला डाला गया है एवं यहा पर ना पानी की टंकी है और ना ही कोई सफाई कर्मी मौजूद रहता है जबकि पंचायत के खाते से गाँव की सफाई एवं शौचालय के नाम पर लाखों की राशि निकाल ली जाती है और उसका दुरउपयोग किया जाता है जिससे ग्राम के लोग शौचालय का उपयोग नहीं कर पा रहे हैं मजबूरन ग्रामीणों को एवं राहगीरों को सड़कों पर शोंच करना पड़ता है, जिससे सड़कों पर गंदगी बनी रहती है और ग्रामीणों को खतरनाक बीमारियों का खतरा बना रहता है।

**सार्वजनिक शौचालय के आसपास फैली गंदगी कहीं बीमार न पड़ जाए:** 7 लाख 50 हजार की लागत से बनाए गए शौचालय की देख रेख ना होने के कारण यहां के दरवाजे एवं खिड़की पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई हैं वा शौचालय की आस पास बड़ी-बड़ी घास उगाई एवं आसपास गंदगी का अंबार लगा हुआ है जिससे वार्ड वासी काफी परेशान नजर आ रहे।

**ग्रामीणों का आरोप 2018 से एक भी दिन नहीं खोला शौचालय:** ग्राम के हल्ले कुर्मी नंने पटेल जाहिद खान के द्वारा बताया गया कि जब से शौचालय का निर्माण हुआ है तब से लेकर आज तक इस शौचालय का उपयोग करने के लिए किसी भी वार्डवासी या किसी भी ग्रामीण को नहीं मिला है यहां पर ना पानी की कोई व्यवस्था है ग्रामीण शौचालय का उपयोग नहीं कर पाते ग्राम पंचायत के द्वारा इस में ताला डाल दिया गया जिससे ग्रामीण सड़क पर गंदगी करते हैं और लोग बीमारियों का शिकार होते हैं।

# कलेक्टर ने लिया बीना में महा वैक्सिनेशन अभियान का ब्यौरा

**अतुल्य भास्कर, सागर।** राज्य शासन के निर्देश पर वैक्सीनेशन महाअभियान की श्रृंखला बुधवार 10 नवंबर से शुरू हो गई है। सागर जिले में भी प्रत्येक विकासखंड में इस अभियान को प्रभावी रूप से क्रियान्वित किया जा रहा है। बुधवार को सागर के वैक्सीनेशन केंद्रों का निरीक्षण करने के बाद कलेक्टर दीपक आर्य खुरई पहुँचे, जहां उन्होंने वैक्सीनेशन केंद्रों पर समुचित व्यवस्थाएं देखीं। इसके उपरांत कलेक्टर आर्य बीना पहुँचे। बीना में भी उन्होंने वैक्सीनेशन केंद्रों का निरीक्षण किया और यह सुनिश्चित किया कि महाअभियान का प्रभावी क्रियान्वयन हो। उन्होंने वैक्सीनेशन सेंटर पर उपस्थित स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास विभाग टीम का हौसला बढ़ाया। साथ ही वैक्सीनेशन के लिए पहुँचे आमजन से बात की। उन्होंने जन सामान्य से अपील की कि वे न केवल खुद टीकाकरण कराएं बल्कि अपने नाते रिश्तेदार, आस-पड़ोस के लोगों तथा अन्य सभी को टीकाकरण के लिए प्रोत्साहित करें। उन्होंने आशा, आंगनवाड़ी कार्यकताओं को निर्देश दिए कि वे घर-घर जाकर टीकाकरण से वंचित लोगों को बुलाएं और उनका वैक्सीनेशन कराएं। उल्लेखनीय है कि सर्वे दल द्वारा पहले से ही डोर-टू-डोर सर्वे किया जा चुका है। जिसके बाद प्रथम डोज से छूटे हुए तथा द्वितीय डोज के ड्यू लिस्ट की जानकारी सर्वे टीम के पास उपलब्ध है। इस सूची के अनुसार चिन्हित व्यक्तियों को टीकाकरण के लिए आमंत्रित किया जा रहा है।

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक अंकित मिश्रा द्वारा बालाजी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 3, लिंक रोड नं. 3, नेशनल प्रेस एरिया, पत्रकार कॉलोनी के पास भोपाल (म.प्र.) से मुद्रित एवं मिश्रा भवन पुलिस चौकी के सामने शनीचरी सागर (म.प्र.) 470-002 से प्रकाशित
संपादक- अंकित मिश्रा, मोबा. 91111-71095। समस्त न्यायिक कार्यवाहियों के लिए क्षेत्राधिकारी सागर न्यायालय का रहेगा। आर.एन.आई. रजिस्ट्रेशन क्रमांक MPHIN/2017/75816

## खास समाचार

### बिल वसूलने गई बिजली विभाग की टीम के साथ मारपीट

भोपाल। राजधानी के गौतम नगर थाना इलाके में बिजली विभाग के कनिष्ठ यंत्री और उनकी टीम के साथ दुर्व्यवहार कर मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पुलिस ने शासकीय कार्य में बाधा डालने, झूमाझटकी कर मारपीट किये जाने सहित अन्य धाराओ मे प्रकरण दर्ज किया है। गौतम नगर पुलिस के अनुसार सत्री वर्गिस ने शिकायत करते हुए बताया कि वो मध्य विद्धुत कंपनी छोला जोन के कनिष्ठ यंत्री हैं। शारदा नगर नारीयलखेड़ा के मकान नंबर 477 का 83 हजार से अधिक का बिजली बिल लंबे समय से बकाया था, जिसे आरोपी रामप्रकाश गुप्ता भर नहीं रहा था। बिल की वसूली के लिए सत्री बीती दोपहर को अपनी टीम के साथ में रामप्रकाश के घर पहुंचे। वहां उसे समझाईश दी गई कि अगर बिजली बिल न भरा गया तो नियमानुसार कनेक्शन काटा जा सकता है। इसके बाद भी जब उसने बिल भरने से इंकार किया तो कनेक्शन काटने की कार्रवाई के लिए उसे पंचनामे पर साइन करने के लिए कहा गया। इस पर आरोपी रामप्रकाश गुप्ता ने साईन करने से मना करते हुए टीम को धमाकाते हुए गाली गलौच शुरु कर दी। आरोपी के दुर्व्यवहार का विरोध करने पर उसने सत्री वर्गिस के साथ में झूमाझटकी कर मारपीट कर दी। मामला दर्जकर पुलिस उसकी गिरफ्तारी के प्रयास कर रही है।

### सीएम ने रोपा नीम और सप्तवर्णी का पौधा



भोपाल। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने स्मार्ट उद्यान में आज नीम और सप्तपर्णी का पौधा रोपा। पौध-रोपण में भोपाल के अशोका गार्डन की सम्राट कॉलोनी समिति के राम शंकर, अजीज मोहम्मद खान और अजीम खान भी शामिल हुए। इनके द्वारा अशोका गार्डन सहित पूरे भोपाल में 5 हज़ार पौधे लगाए गए हैं। पार्कों और अस्पताल कैंपस में इनके द्वारा विशेष रूप से पौध-रोपण किया गया है। तीनों व्यक्तियों को स्वच्छता के क्षेत्र में बेहतर कार्य के लिए अनेक बार पुरस्कृत भी किया गया है। मुख्यमंत्री चौहान ने सम्राट कॉलोनी समिति के सदस्यों का पौध-रोपण स्थल पर स्वागत और अभिनंदन किया। समिति सदस्यों ने पर्यावरण, स्वच्छता और बच्चों की शिक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों से मुख्यमंत्री चौहान को अवगत कराया। अजीम खान ने कहा कि हमारी समिति पौधा-रोपण कार्य महान - वृक्ष हैं सन्तान समान के संदेश के साथ विभिन्न कॉलोनी, पार्क और अस्पताल परिसरों में पौध- रोपण कर रही है

### महिला पशु चिकित्सकों का सम्मेलन 13-14 को भोपाल में

भोपाल। भारत के आजादी के 75वें वर्ष अमृत महोत्सव के तहत इंडियन वेटनरी एसोसिएशन के महिला प्रकोष्ठ द्वारा देश की महिला पशु चिकित्सकों का अखिल भारतीय शक्ति सम्मेलन 13 एवं 14 नवंबर 2021 को भोपाल में आयोजित किया जा रहा है। देश में पहली बार होने वाले शक्ति सम्मेलन का शुभांरभ 13 नवंबर को प्रातः 11 बजे केन्द्रीय मंत्री मत्स्य, पशुपालन एवं डेयरी पुरूषोत्तम रूपाला करेंगे। प्रदेश के पशुपालन एवं डेयरी विकास मंत्री प्रेमसिंह पटेल, केन्द्रीय सचिव मत्स्य, पशुपालन एवं डेयरी अतुल चतुर्वेदी विशिष्ट अतिथि, पूर्व सांसद नितिश भारद्वाज, अपर मुख्य सचिव पशुपालन एवं डेयरी विकास जेएन कंसोटिया और नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. एसपी तिवारी विशेष अतिथि होंगे। प्रख्यात समाजसेवी सुनील अंबेकर मुख्य वक्ता होंगे।

### हादसे के बाद लापता मासूम अस्पताल में ही मिली

भोपाल। राजधानी के हमीदिया हॉस्पिटल कैंपस स्थित कमला नेहरू बिल्डिंग में बीती 8 नवंबर की रात आग लगने के बेहद दर्दनाक हादसे के बाद लापता हुए नवजातो के मिलने की भी राहतभरी खबरें सामने आने लगी हैं। हादसे के बाद से लापता एक नवजात बच्ची बुधवार को अस्पताल से ही बरामद किया गया। डाक्टरों ने बच्ची की पहचान उसके हाथ में लगी चिट से की है। वही पुलिस का कहना है कि बच्ची को उसके परिजन चुपके से घर लेकर आ गए ओर, फिर बच्चा लापता हो जाने की झूठी बात कही।

### जन-सामान्य में बिल लेने की प्रवृति विकसित करना आवश्यक -मुख्यमंत्री

# एक दिसम्बर से सभी नीलामियां ऑनलाइन होंगी

**अतुल्य भास्कर, भोपाल**

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि राजस्व संकलन से ही प्रदेश में विकास और जन-कल्याण के कार्य संभव होते हैं। अतः राजस्व संकलन में लगे विभागों का प्रदेश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान है। प्रदेश की जनता पर बिना अधिक बोझ डाले, राजस्व संकलन में वृद्धि के हरसंभव प्रयास किए जाए।

टैक्स की परिधि का अधिक लोगों तक विस्तार कर हम राजस्व संकलन बढ़ा सकते हैं। मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि खरीदी गई वस्तुओं का बिल लेने की प्रवृत्ति जन-जन में विकसित करना आवश्यक है। जन-सामान्य में यह भावना होनी चाहिए कि बिल लेने से राज्य सरकार को राजस्व प्राप्त होता है, जो विकास और जन-कल्याण के काम आता है। अतः हम बिल लेकर राज्य के विकास में योगदान दे रहे हैं।



मुख्यमंत्री चौहान मंत्रालय में वर्ष 2021-22 की राजस्व प्राप्तियों की समीक्षा कर रहे थे। बैठक में वाणिज्यिक कर, वित्त, योजना आर्थिक एवं सांख्यिकी मंत्री जगदीश देवड़ा, वन मंत्री कुंवर विजय शाह, राजस्व मंत्री गोविंद सिंह राजपूत, मुख्य सचिव इकबाल सिंह बैंस, प्रमुख सचिव वित्त मनोज गोविल उपस्थित थे। अन्य विभागीय अधिकारियों ने बैठक में वर्चुअली सहभागिता की।

बैठक में खनिज, वैट, जी.एस.टी., आबकारी, स्टाम्प एवं पंजीयन, परिवहन, ऊर्जा, वन, राजस्व, सिंचाई तथा नर्मदा घाटी विकास की राजस्व प्राप्तियों की समीक्षा की गई।

#### डिजिटल तकनीक तथा डाटा एनालिटिक्स का उपयोग करते हुए जी.एस.टी. कलेक्शन सुधारा जाए

मुख्यमंत्री चौहान ने वन विभाग की सभी नीलामियाँ 01 दिसम्बर से ऑनलाइन करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि प्रदेश में खनिज ब्लॉक की नीलामी प्रक्रिया को शीघ्र पूर्ण किया जाए। आवश्यकता होने पर भारत सरकार के संबंधित विभागों से बात कर कार्य को गति प्रदान करें। डिजिटल तकनीक तथा डाटा एनालिटिक्स का उपयोग करते हुए जी.एस.टी. कलेक्शन को भी राज्य में सुधारा जाए। मुख्यमंत्री चौहान ने नई आबकारी नीति तथा हैरीटेज वाईन पॉलिसी जल्द प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। बैठक में जानकारी दी गई कि नए वाहनों की कम आपूर्ति के परिणामस्वरूप वाहनों की बिक्री कम हुई है, जिससे परिवहन से आने वाले राजस्व में कमी आई है। वाहनों की आपूर्ति बढ़ने के साथ निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप राजस्व प्राप्त होने की संभावना है।

### 14 नवंबर को होगा तुलसी विवाह, गूंजेगी शहनाइयां

भोपाल। कार्तिक मास की शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि 14 नवंबर को भगवान विष्णु के स्वरुप शालीग्राम और देवी तुलसी का विवाह किया जाएगा। तुलसी विवाह देवउठनी एकादशी के दिन होता है। इस दिन से ही चतुर्मास की समाप्ति होगी और तुलसी विवाह के साथ ही सभी शुभ कार्य और विवाह आरंभ हो जाते हैं। ज्योतिषाचार्य सुनील चोपड़ा ने बताया कि धार्मिक मान्यता के अनुसार इस दिन जो लोग तुलसी विवाह संपन्न करवाते हैं, उनके ऊपर भगवान विष्णु की विशेष कृपा होती है। इस दिन को देवउठनी एकादशी के रुप में जाना जाता है। देवी तुलसी भगवान विष्णु को अतिप्रिय हैं, देवी तुलसी की कृपा से आपके घर में सुख-समृद्धि बनी रहती है। इसलिए महिलाएं सुखी वैवाहिक जीवन व सौभाग्य के लिए व्रत पूजन करती हैं। ऐसा माना जाता है कि जिन लोगों के पास बेटी नहीं होती वह माता तुलसी का विवाह करा कर और उनका कन्यादान कर पुण्य प्राप्त करते हैं।

### आजादी की 75 वीं वर्षगांठ हीरक जयंती महोत्सव के रूप में मनाई जायेगी

# बांग्लादेश मुक्ति युद्ध 1971 की 50 वीं वर्षगांठ मनाएंगी कांग्रेस

**अतुल्य भास्कर, भोपाल**

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ जी की अध्यक्षता में गठित बांग्लादेश मुक्ति युद्ध की 50 वीं वर्षगांठ समिति और आजादी की 75 वीं वर्षगांठ हीरक जयंती समारोह समिति की आज प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय के सभाकक्ष में महत्वपूर्ण बैठक आहूत हुई। बैठक में आगामी 16 दिसम्बर को बांग्लादेश मुक्ति युद्ध के 50 वर्ष पूर्ण होने पर प्रदेश स्तरीय एक बृहद कार्यक्रम आयोजित किये जाने का निर्णय लिया गया।

बैठक को संबोधित करते हुए नाथ ने कहा कि अभा कांग्रेस के निर्देशानुसर मप्र कांग्रेस इस वर्ष बांग्लादेश के मुक्ति युद्ध की 50 वीं वर्षगांठ का महोत्सव मनायेगी, क्योंकि यह भारत के सैन्य इतिहास का सबसे बेतहरीन क्षण रहा है, जब भारतीय सेना ने भारत पाक युद्ध में पाक के 93 हजार सैनिकों का आत्म समर्पण कराकर अभूतपूर्व जीत हासिल की थी। इंदिरा जी के नेतृत्व में भारत की संप्रभुता का परचम लहराया और पाकिस्तानी सेना के मंसूबों पर पानी फेरकर ऐतिहासिक जीत हासिल की और नये राष्ट्र बांग्लादेश का निर्माण हुआ। कमलनाथ ने कहा कि भारत की आजादी के 75 सालों के भारत निर्माण के हमारे प्रयास ही हमारी पार्टी की गौरव गाथा है। देश में करोड़ों लोग ऐसे हैं जिन्होंने आजादी के बाद जन्म लिया उन्हें भारत की आजादी का इतिहास बताने की आवश्यकता है।



बैठक में निर्णय हुआ कि इस कार्यक्रम के माध्यम से स्थानीय स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के इतिहास पर केंद्रित गोष्ठियों का आयोजन किया जायेगा। तिरंगा यात्रा, प्रभात फेरियां, मशाल यात्रा, देश जोड़ो-नफरत छोड़ो आदि कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे।

बैठक में समिति के समन्वयक भूपेन्द्र गुप्ता ने हीरक जयंती पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की जानकारी बैठक में उपस्थिति समिति के सभी सदस्यों को दी।

बैठक में अभा कांग्रेस के सचिव सह प्रभारी सुधांशु त्रिपाठी, सी.पी. मित्तल, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुरेश पचौरी, अजीज कुरैशी, प्रदेश कांग्रेस के उपाध्यक्ष चंद्रप्रभाष शेखर, प्रकाश जैन, अशोक सिंह, महामंत्री राजीव सिंह, अजिता वाजपेयी पाण्डेय, पूर्व मंत्री सज्जनसिंह वर्मा, पूर्व मंत्री पी.सी. शर्मा, पूर्व मंत्री विजय लक्ष्मी साधो, तरूण भानोट, कमलेश्वर पटेल, सुखदेव पांसे, बाला बच्चन, प्रताप भानु शर्मा, सु आभा सिंह, चौ. राकेश सिंह चतुर्वेदी, हिना कांवरे,मीडिया समन्वयक नरेन्द्र सलूजा, भूपेन्द्र गुप्ता, लज्जाशंकर हरदेनिया, एन.के. सिंह सहित समिति के अन्य सदस्य उपस्थित थे।

### चलती ट्रेन में चढ़ने की कोशिश में यात्री का पैर फिसला, ट्रेन के नीचे आने से कटा पैर

**अतुल्य भास्कर, भोपाल**



राजधानी भोपाल रेलवे स्टेशन पर चलती ट्रेन में चढ़ने की कोशिश करते समय एक यात्री का पैर फिसलने से वो ट्रेन के नीचे आ गया, इस घटना में उसका एक पैर कट गया। गनीमत रही कि यह घटना ट्रेन के पिछले डिब्बे में झंडी दिखा रहे गार्ड ने देख ली और तुरंत ट्रेन को रुकवा दिया। इस दौरान आरपीएफ के जवान प्लेटफार्म पर मौजूद थे। उन्होंने फौरन ही यात्री को उठाया और उसे अस?पताल भिजवाया। घटना बुधवार कामायनी एक्सप्रेस में हुई। घायल मुसाफिर को इलाज के लिए हमीदिया अस्पताल पहुचांया गया।

इस हादसे के चलते ट्रेन करीब आधा घंटा लेट रवाना हुई। जानकारी के अनुसार कामायनी एक्सप्रेस मे बुधवार सुबह सवा आठ बजे भोपाल रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म-एक पर आकर रुकी थी। इसी दौरान कुछ यात्री प?लेटफार्म पर नाश्ता, पानी व खाना लेने उतरे थे। ट्रेन दस मिनट रुककर रवाना होने लगी। इस दौरान कई मुसाफिर चढ़ने लगे। इसी दौरान यात्री राम विजय पांडे भीड़ होने के कारण वे ट्रेन के जनरल कोच में जल्द चढ़ नहीं पाए। ओर चढ़ने की कोशिश मे उचानक ही उनका पैर फिसल गया और वे प्लेटफार्म व कोच के बीच से ट्रेन के नीचे ट्रैक पर आ गए। इसी दोरान गार्ड की नजर पडने पर उसने सिग?नल देकर ट्रेन को रोका, इसके बाद तुरंत प्रधान आरक्षक अमित अवस्थी, राधेश्याम यादव, आरक्षक समशेर आलम व आरपीएफ के अन्य जवान ट्रेन के नीचे गये।

### सहेली के साथ जा रही छात्रा को परिचित मनचले ने सरेराह जडा थप्पड़


भोपाल। राजधानी के छोला मंदिर थाना इलाके में पड़ोस में रहने वाले मनचले द्वारा पास मे ही रहने वाली छात्रा को सरेबाजार थप्पड मारने की घटना सामने आई है। बताया गया है कि आरोपी छात्रा के घर से बाहन निकलने पर उसका पीछा कर नजर रखता था। बीते दिन उसने छात्रा को रास्ते में रोका ओर एक दिन पहले बाजार जाने के बारे में पूछताछ करने लगा। जब छात्रा ने उसका विरोध करते हुए कुछ भी बताने से इंकार कर उसे जाने को कहा तो मनचले ने उसके साथ दुर्व्यवहार करते हुए उसे थप्पड जड दिया। बाद मे छात्रा की शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर मनचले को गिरफ्तार कर लिया। छोला मंदिर थाना पुलिस के अनुसार थाना इलाके में परिवार के साथ रहने वाली 19 वर्षीय युवती ने अपनी शिकायत मे बताया कि वो एक निजी कालेज में बीकाम द्वितीय वर्ष की छात्रा है। उसके पड़ोस में साहिल नाम का युवक रहता है। साहिल प्रायवेट काम करता है। पास मे रहने के कारण छात्रा की युवक से काफी पहले से दोस्ती थी, ओर दोनों आपस में अक्सर बात भी करते थे। इस दौरान साहिल, छात्रा से एकतरफा प्यार करने लगा। ओर वो उसपर अपना हक जताते हुए छात्रा के कहीं भी आने जाने पर नजर रखता था, ओर फिर उससे पूछताछ भी करता। बीते छात्रा अपनी बहन के साथ खरीदारी करने न्यू मार्केट गई थी। इसकी जानकारी मनचले को लग गई। इसके बाद बीते दिन छात्रा अपनी सहेली के साथ पैदल जा रही थी, तभी साहिल ने उसे रोक लिया और बाजार जाने की जानकारी उसे नहीं देने पर दुर्व्यवहार करना शुरू कर दिया।



भोपाल। प्रदेश अध्यक्ष, सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने बुधवार को भेल बरखेड़ा और शीतलदास की बगिया में आयोजित छठ महापर्व में शामिल हुए। प्रदेश अध्यक्ष शर्मा ने छठ पूजा समारोह में उपस्थित उत्तर भारतीय सहित प्रदेशवासियों को छठ महापर्व की बधाई और शुभकामनाएं दी। प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि छठ पूजा का पूरे भारत वर्ष में भावनात्मक जुड़ाव है। यह पर्व प्रकृति को बचाने के लिए प्रकृति पूजक पर्व है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से लेकर भाजपा का पूरा नेतृत्व इस काम में लगा है की प्रकृति को कैसे बचाया जाए। उन्होंने कहा कि हमारे यहां पर्वो के माध्यम से प्रकृति की पूजा की जाती है यही भारत की संस्कृति है। मैं श्रद्धालु बंधुओं को धन्यवाद देता हूं कि प्रकृति को बचाने का काम इस संस्कृति के माध्यम से कर रहे है। हम सब लोग भारत के अंदर भगवान की आराधना के साथ पर्यावरण संरक्षण की दिशा में आगे बढने का प्रयास कर रहे है।

### होटल कर्मचारी ने फांसी लगाकर की खुदकुशी

**अतुल्य भास्कर, भोपाल**



राजधानी के खजूरी सड़क थाना इलाके मे स्थित गांव बकानिया में रहने वाले होटलकर्मी द्वारा फांसी लगाकर खुदकुशी किये जाने की घटना प्रकाश मे आई है। बताया यगा है कि खुदकुशी से पहले उसने वाट्सएप पर स्टेटस अपडेट कर लिखा कि जान दे रहा हूं। स्टेटस देखने के बाद उसका दोस्त उसके घर पहुंचा, लेकिन तब तक वो फांसी लगा चुका था। पुलिस का कहना है कि घटना स्थल से कोई सुसाइड नोट या अन्य सुराग नहीं मिलने से फिलहाल खुदकुशी के कारणो का खुलासा नही हो सका है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरु कर दी है।

थाना पुलिस के अनुसार ग्राम बकानिया मे रहने वाला राजकुमार नायर पिता अचल सिंह नायर ( 26 ) एक बड़े होटल में नौकरी करता था। पुलिस ने उसकी लाश उसके मकान की छत पर बने कमरे में फांसी के फंदे से बरामद की थी। परिवार वालो ने शुरुआती जॉच मे बताया कि राजकुमार की शादी नहीं हुई थी, ओर उसका कमरा अलग था। रात को उसने परिजन के साथ खाना खाया ओर फिर अपने कमरे में सोने चला गया। अगली सुबह उसका दोस्त राजेश घर आया उसने परिवार वालो से राजकुमार के बारे में पूछा और उन्हें उसके स्टेटस के बारे में जानकारी दी।

### टिकाऊ डिजाइन और पर्यावरण अनुकूल परियोजना के लिए

### हबीबगंज स्टेशन को मिल चुका है 5 स्टार जेम-रेटिंग का अवार्ड

**अतुल्य भास्कर, भोपाल**

भारतीय रेल के हबीबगंज स्टेशन पुनर्विकास परियोजना को एसोचैम द्वारा ग्रीन, टिकाऊ डिजाइन और पर्यावरण के अनुकूल परियोजना के लिए जेम स्थिरता प्रमाणन में 5 स्टार जेम रेटिंग से सम्मानित किया जा चुका है।



हबीबगंज स्टेशन के पुनर्विकास में की गई हरित पहल के तहत हबीबगंज स्टेशन को राष्ट्रीय भवन संहिता के रूप में डिजाइन और निर्माण किया गया है। यह पहला रेलवे स्टेशन एनएफपीए (राष्ट्रीय अग्नि सुरक्षा अधिनियम) का अनुपालन कर रहा है, अर्थात भवन, एयर कॉनकोर्स और सबवे जिसमें अग्नि संवेदन के साथ-साथ अग्निशमन सुविधाएं भी हैं। स्ब्ब्ब के माध्यम से सभी सिस्टम की निगरानी की जा रही है। नियमों के अनुसार पार्किंग, दिव्यांगों के लिए आरक्षित पार्किंग, इलेक्ट्रिक वाहन के लिए चार्जिंग प्वाइंट। लगभग 300 कारों, 840 दुपहिया वाहनों, रिक्शा, टैक्सी और बसों के लिए पार्किंग का प्रावधान किया गया है। पार्किंग में ड्रॉप ऑफ जोन के लिए समर्पित लेन। पैदल चलने वालों की आसानी के लिए वेल लिट फुटपाथ। पार्किंग क्षेत्रों में पेवर ब्लॉक का उपयोग। कॉनकोर्स स्तर पर प्रस्तावित मेट्रो के साथ सीधा कनेक्शन, यह सार्वजनिक परिवहन को बढ़ावा देने वाले उपयोगकर्ताओं के लिए एक सहज यात्रा अनुभव होगा।

रेलवे स्टेशन के साथ-साथ पुनर्वास संरचनाओं के लिए वर्षा जल संचयन (स्टाफ क्वार्टर, निर्माण कार्यालय, कैरिज एवं वैगन कार्यालय) जल प्रबंधन हेतु मीटरिंग, ड्यूल फ्लश सिस्टम, एरेटेड वॉटर फॉसेट्स और वाटर ऑडिट।

### कॉलेज एडमिशन में 30 नवम्बर तक का मौका

भोपाल। जुलाई में शिक्षण सत्र शुरू होता है, लेकिन इस बार कोरोना संक्रमण की गाइड लाइन का पालन करने और परीक्षाएं पूरी कराने के लिए यूनिवर्सिटी के चार महीने बीत गए। अब सीमित संख्या में छात्रों की कक्षाएं शुरू हो रही हैं। छात्रों को ऑफलाइन कक्षाओं में बैठना है तो कोरोना का सेकंड डोज लगाना जरूरी किया गया है। डेढ़ साल से ज्यादा समय कोरोना के बीच बीतने के बाद निजी शिक्षण संस्थाओं में इस बार भी छात्रों ने एडमिशन के लिए कुछ खास उत्साह नहीं दिखाया है। यूजी-पीजी की निजी कालेजों में सीटें खाली रहने के बाद उच्च शिक्षा विभाग ने 30 नवम्बर तक एडमिशन के लिए गाइड लाइन जारी की थी। 22 फीसदी निजी कालेजों में सीटें खाली रह गई थीं।

### राजस्व मंत्री की पहल पर मंत्री परिषद ने दी 4 नवीन तहसीलों को मंजूरी

# नई तहसीलों के गठन से 181 ग्राम के निवासियों को होगा फायदा

**अतुल्य भास्कर, भोपाल**

*प्रदेश के राजस्व एवं परिवहन मंत्री गोविंद सिंह राजपूत के विशेष प्रयासों एवं मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की घोषणा के अनुपालन में मंत्री परिषद द्वारा प्रदेश में चार नई तहसीलों के गठन को मंजूरी प्रदान कर दी है। इस संबंध में प्रदेश के राजस्व एवं परिवहन मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने बताया कि खंडवा जिले की पुनासा तहसील का पुनर्गठन कर नई तहसील मूंदी के गठन को मंजूरी प्रदान की है। मूंदी में अब नया तहसील भवन बनाया जाएगा। इस नई तहसील के गठन से मूंदी के 31 पटवारी हलके के 60 ग्रामों को शामिल किया गया है। जिससे यहां की जनता को तहसील से जुड़े सभी कार्य के लिए अब पुनासा जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। इसी प्रकार खंडवा जिले में ही एक और नई तहसील किल्लोद का गठन कर मंजूरी प्रदान की गई है। नई तहसील किल्लोद में 16 पटवारी हलको के 32 ग्राम एवं पूर्ण डूब के 31 ग्राम तथा एक वन ग्राम सहित 64 ग्राम शामिल किए गए हैं।*



*राजस्व मंत्री राजपूत ने बताया कि इसी प्रकार टीकमगढ़ जिले में एक नई तहसील दिगौड़ा के गठन को मंजूरी प्रदान कर दी गई है। नई तहसील दिगौड़ा में 19 पटवारी हलके के 43 ग्राम शामिल किए गए हैं। राजस्व मंत्री राजपूत ने बताया कि बुरहानपुर जिले में नवीन तहसील धूलकोट के गठन को मंत्रीमंडल ने मंजूरी प्रदान की है। इस नई तहसील में 11 पटवारी हलको के 14 ग्राम शामिल किए गए हैं।*

#### यह प्रयास सुशासन की दिशा में एक कदम बढ़ाने की कोशिश है

*परिवहन एवं राजस्व मंत्री गोविंद सिंह राजपूत के इस विशेष प्रयास से नवगठित चार तहसीलों के 181 ग्राम के निवासियों को राजस्व से जुड़े सभी प्रकार के मामलों के निराकरण के लिए अब दूसरी तहसीलों में नहीं जाना पड़ेगा। राजपूत ने बताया कि प्रदेश की शिवराज सरकार हमेशा जनहितैषी निर्णय लेकर आम जनता की सुविधा को बढ़ाने के प्रयास में लगी रहती है। राजस्व विभाग का यह प्रयास सुशासन की दिशा में एक कदम बढ़ाने की कोशिश है।*

### जनपद सदस्य के चुनाव ईव्हीएम से होंगे

भोपाल। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी भोपाल अविनाश लवानिया ने निर्देश जारी किए है कि निर्वाचन प्रक्रिया को प्रभावी एवं परिणामोन्मुखी बनाने एवं मतदान के लिये आयोग द्वारा की गई । पंचायत आम निर्वाचन-2021 में दो पदों, जिला पंचायत सदस्य एवं जनपद पंचायत सदस्य के लिये इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन से वोट डाले जाए तथा पंच एवं सरपंच पद के लिए वोट मतपत्र पर सील लगाकर मतपेटी में डाले जायेंगे। संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि जिले की पंचायतों की साधारण सभा की बैठकों में हाट - बाजारों, मेलों तथा भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों एवं आंगनवाड़ियों में पूर्ण जांच एवं परीक्षण के उपरांत अभिप्रमाणित ईव्हीएम का विधिवत प्रदर्शन कराते हुये उसकी कार्यप्रणाली एवं संचालन की प्रक्रिया भी विस्तारपूर्वक समझाई जाए।


बुंदेलखण्ड के युवाओं
धड़कन हृदय सम्राट
मा. पं. गोपाल भार्गव
लोनिवि मंत्री
मा. गौरव सिरोठिया
भाजपा जिलाध्यक्ष सागर
युवाओं के प्रेरणास्त्रोत
पं. अभिषेक भार्गव जी को
पं. अभिषेक भार्गव
भाजपा युवा नेता
जन्मदिन की
हार्दिक शुभकामनाएं
भगवत पाठक
जिला भाजपा कार्यकारिणी सदस्य
सौजन्यः पाठक ट्रेडर्स, केसली सागर म.प्र.


मा. शिवराज सिंह चौहान
मुख्यमंत्री मप्र शासन
मा. भूपेन्द्र सिंह ठाकुर
नगरीय प्रशासन एवं आवास मंत्री
मा. गोविंद सिंह राजपूत
राजस्व एवं परिवहन मंत्री
प्रिय मित्र भाई
पं. अभिषेक भार्गव जी को
पं. अभिषेक भार्गव
भाजपा युवा नेता
Happy Birthday
TO YOU
जन्मदिन की
हार्दिक शुभकामनाएं
आकाश बजाज
सौरभ सिंघई
सौजन्यः सागरश्री हॉस्पिटल, मकरोनिया सागर


जीवेत् शरदः शतम्
जन-जन के चहेते गोपाल के है बेटे
आज उनके अवतरण दिवस पर
युवाओं के प्रेरणास्त्रोत भाई
पं. अभिषेक भार्गव जी को
पं. गोपाल भार्गव
लो.नि.वि. मंत्री
Happy Birthday
पं. अभिषेक भार्गव
युवा भाजपा नेता
हार्दिक शुभकामनाएं
पं. प्रमेन्द्र गोलू रिछारिया
सौ. रिछारिया बिल्डर्स, संजय ड्राइव सागर


मा.पं.गोपाल भार्गव
जीवेत शरदः शतम्
मान. अभिषेक भार्गव "दीपू भैया"
के जन्म दिवस पर
हार्दिक बधाई शुभकामनाएं...
मस्तराम घोषी
पप्पू घोषी (सरपंच)
पं. अंकित दुबे
पं. लक्ष्मीनारायण पाठक
वरिष्ठ समाजसेवी
पं. अजय दुबे
गनेश घोषी
निर्भय घोषी
बसंत घोषी
उमेश घोषी
शंकर घोषी
विजय घोषी
संजेश घोषी
यशवंत घोषी
राहुल घोषी
सोनू घोषी
के.के. घोषी
ऋषि घोषी
शुभम घोषी
नमन घोषी
रमाकांत घोषी
श्रीकांत घोषी
सत्यम घोषी
RERA NO. P-SGR-19-2334
APPROVED
Chalisa Hill View
तिरूपति डेव्हलपर्स एंड कॉलोनाइजर्स
की नई पेशकश 7.83 एकड़ में आवासीय प्लॉट
चालीसा हिल व्यू
साइट किशोर न्यायालय के सामने, संगम बिहार (गृह निर्माण समिति)
कॉलोनी के पास, लिंक रोड, सागर (म.प्र.)
सर्वसुविधायुक्त कॉलोनी में सभी साइजों में
आवासीय प्लॉट उपलब्ध
सौजन्य- अजय दुबे (सांई वाटिका) तिरूपतिपुरम, सागर मो. 9826445425